हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार, 24 जनवरी, 2024

अगले 72 घंटों में तीन डिग्री लुढ़केगा

# उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के चलते छत्तीसगढ़ में ठंड वापस लौट आई है। रात के साथ ही दिन का भी तापमान 3 से 5 डिग्री तक लुढ़का है। दिनभर ठिठुरन भरी हवाओं से परेशानी बढ़ गई है। वहीं बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण मंगलवार को भी बारिश देखने को मिली। हवाओं की दिशा बदलने के कारण सर्दी ने जोर पकड़ लिया है। सर्दी से ठिठुर रहे लोग मजबूरन अलाव व हीटर का सहारा ले रहे हैं। तीन दिन से सूर्यदेव के दर्शन नहीं होने से खासकर बच्चों और बुजुर्गों को ठंड काटनी भारी पड़ रही है। मंगलवार को अंचल का न्यूनतम तापमान में 17 डिग्री सेल्सियस पर रहा। वहीं अधिकतम तापमान 22 डिग्री पर आ गया है। द्रोणिका के असर के कारण छत्तीसगढ़ में ठिठुरन बढ़ गई है। प्रदेश के कई इलाकों में बादल छाए रहे और बारिश हुई। जिसकी वजह से सुबह, रात और दोपहर में भी ठंड और ज्यादा बढ़ गई है। बंगाल की खाड़ी से प्रदेश में नमी आने के कारण मंगलवार को आंशिक रूप से कई इलाकों में बादल छाए रहेंगे।





### खास बातें

- खरीदी केंद्रों में धान को सुरक्षित रखने जद्दोजहद
- तीन दिनों में दो दफा बारिश से मौसम हुआ सर्द
- माह के अंत तक रहेगी कड़ाके की ठंड बरकरार

### रहेगा ठंड का दौर

बीते कुछ दिनों से अचानक बढ़ी ठंड से जल्द राहत मिलती हुई भी नहीं दिखाई दे रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 48 घंटे में प्रदेश में ठिठुरन और बढ़ने वाली है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। राजनांदगांव के साथ ही प्रदेश का मौसम अभी ऐसा ही बना रहेगा।जिसके चलते लोगों को ठंड का कहर झेलना पड़ेगा।

### ठंड बढ़ते ही कपड़ों का बाजार गर्म

अंचल में बीते तीन दिनों से बने हालत और ठंड लौटते ही गर्म कपड़ों के स्टॉलों में भी ग्राहकों की भीड़ दिखने लगी। लोग ठिठुरन भरी हवाओं से बचने के लिए गर्म कपड़ों के साथ ही कान ढंकने के लिए टोपे और मफलर भी खरीद रहे हैं। अचानक बढ़ी ठंड और ग्राहकी को देखकर कारोबारियों का कहना है कि ठंड ऐसी रही तो अब कारोबार की रफ्तार भी बढ़ेगी।

1.20 मीट्रिक टन खरीदी के बदले मिलेंगे पौने चार हजार करोड़ रुपए

# टूटा पिछला रिकार्ड: 2.18 लाख किसानों ने बेचा धान, 121.65 लाख क्विंटल खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

धान खरीदी को लेकर अविभाजित राजनांदगांव जिले में एक बार फिर नया कीर्तिमान बन गया है। अविभाजित राजनांदगांव जिले में पहली बार 2.18 लाख से अधिक किसानों ने अपनी फसल समर्थन मूल्य पर सरकार को बेची है। इतना ही नहीं खरीदी की मात्रा ने भी पुराने रिकार्ड को ध्वस्त कर दिया है। इस बार अब तक 1.18 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। जबकि इससे पहले तक 99.54 लाख टन खरीदी का रिकार्ड था। किसानों को धान के बदले सरकार से लगभग पौने चार हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा।

शनिवार से सोमवार के बीच बंद रही धान खरीदी जब सोमवार को प्रारंभ हुई तो हल्की बारिश के कारण शुरूआती घंटों में आवक जरूर कुछ कमजोर रही, लेकिन जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ता गया पूरे जिले में खरीदी प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली थी। मंगलवार को अविभाजित जिले में 4869 किसानों ने अपनी फसल बेची है। इस आंकड़े के जुड़ते ही अब तक धान बेच चुके किसानों की संख्या बढ़कर 218840 तक जा पहुंची है।

हालांकि अब भी अविभाजित राजनांदगांव जिले में 12451 किसान धान बेचने के लिए बाकी रह गए हैं। जिनके पास अपनी उपज बेचने के लिए अभी छह दिन का और समय शेष रह गया है। बताया गया कि इनमें से आधे किसानों ने अपनी उपज बेचने के लिए टोकन भी ले लिया है, ऐसे में इनसे खरीदी होगी। इधर अंतिम दौर में पहुंच चुकी खरीदी प्रक्रिया में उठाव की ही समास्या बनी हुई है।



### अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

किसानों के जेब में इतनी बड़ी रकम आने का सीधा फायदा जिले के व्यापारियों को मिलेगा। किसानों के पास मोटी रकम आने के बाद उनके द्वारा दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहन, ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित सोने-चांदी की खरीदी होगी। जिससे न केवल शहरी इलाकों में अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण इलाकों की दुकानों में भी ग्राहकी देखने को मिलेगी।

### नांदगांव के सर्वाधिक किसान

अविभाजित जिले में सबसे अधिक किसान राजनांदगांव जिले के शामिल हैं। यहां के 119188 किसानों ने 66.08 लाख क्विंटल धान अब तक बेच दिया है। यहां कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 128080 है। वहीं खैरागढ़ के 62521 किसानों ने 36.02 लाख क्विंटल धान बेचा, यहां पर 71090 पंजीकृत किसान है। मोहला-मानपुर के 37131 किसानों ने 19.55 लाख क्विंटल धान बेच दिया है, यहां पर 43009 किसान पंजीकृत हैं।

### कर्ज वसूली भी जारी

खेती के लिए बैंक से कर्ज लेने वाले किसानों से खरीदी के बाद ही लिंकिंग के जरिये कर्ज वसूली की प्रक्रिया भी जारी है। अविभाजित जिले में करीबन एक हजार करोड़ रुपए का कर्ज बांटा गया था। जिसमें से अब तक 810 करोड़ रुपए वसूले जा चुके हैं। इनमें राजनांदगांव के किसानों से 428 करोड़, खैरागढ़ के किसानों से 287 करोड़ और मोहला-मानपुर के किसानों से 113 करोड़ रुपए कर्ज वसूली शामिल है।


# दस नक्सलियों को किया था ढेर, एसपी गर्ग को तीसरी बार पुलिस वीरता पदक

**राजनांदगांव।** बीजापुर में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थापना के दौरान भैरमगढ़ के जंगल में दस नक्सलियों को ढेर करने में मिली सफलता पर आगामी 26 जनवरी को रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में नांदगांव एसपी मोहित गर्ग को राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। श्री गर्ग को इसके पहले भी दो बार इस पदक से सम्मानित किया जा चुका है।



पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीजापुर में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थापना के दौरान थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत बोडगा के जंगल में सशस्त्र माओवादी की उपस्थिति की सूचना पर जिला बीजापुर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के नेतृत्व में डीआरजी एवं एसटीएफ की टीम संयुक्त अभियान पर रवाना हुई थी। 7 फरवरी 2019 को बोड़गा नाला के पास पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में 05 पुरूष एवं 05 महिला कुल 10 माओवादी को मार गिराने एवं 11 नग कंट्रीमेड गन सहित विस्फोट सामग्री बरामद करने में सफलता मिली। उक्त घटना में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को राष्ट्रपति पुलिस वीरता पदक से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। 26 जनवरी को रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राज्यपाल द्वारा एसपी श्री गर्ग को राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

एसपी मोहित गर्ग ने अपनी बीजापुर पदस्थापना के दौरान नक्सलियों के खिलाफ लगातार जंग लड़ी। 2016 में कोकड़ापारा में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान चार नक्सलियों को मार गिराया था। वहीं 2017 में बेदरा में भी दो नक्सलियों को ढेर किए जाने के कारण उन्हें दो बार पुलिस वीरता से सम्मानित किया जा चुका है।



फोटो : नागेश वर्मा

## 11 हजार दीपों से जगमगाया मुंदगांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरमुंदा

ग्राम मुंदगाव में नवदीप मानस परिवार एवं ग्रामवासी के सहयोग से राम मंदिर निर्माण के अवसर पर दीप उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नवदीप युवा मंडल द्वारा 11000 दीप से जय श्रीराम एवं रामबाण बनाकर खेल मैदान में दीप जलाया गया। नवदीप मानस मंडल के अध्यक्ष पन्नालाल साहू ने बताया कि इस दौरान पूरा गांव अयोधा में तब्दील हो गया था।

### टटेंगा मड़ई 26 को

**जेवरतला रोड।** ग्राम टटेंगा में आगामी 26 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए मां अम्बे की खोज छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी हज्जूटोला का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी गोरेलाल उर्वशा, धर्मेन्द्र सुधाकर ने दी।

बरडिया ज्वेलर्स प्रा.लि.
राजनांदगाव
☎ 07744-407161
विशिष्ट हीरा आभूषण
पार्किंग सुविधा उपलब्ध है

चक्काजाम कर हिन्दू संगठनों ने जताया आक्रोश

# अयोध्या पर विवादित टिप्पणी से मचा बवाल, तीन के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर स्थापना व प्राण-प्रतिष्ठा के भक्तिमय माहौल के बीच वर्ग विशेष द्वारा सामुदायिक भावना को ठेस पहुंचाए जाने से नाराज हिंदू संगठन के लोग उनके खिलाफ शिकायत लेकर पुलिस थाना पहुंचे, जहां से एक युवती सहित दो के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद वापस लौटे। इस मामले को लेकर खैरागढ़ में तनाव के हालात निर्मित हो गए। आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर अपनी नाराजगी भी जाहिर की।



जानकारी के अनुसार अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर शहर में दीपावली का माहौल बना हुआ था। वहीं देर रात दो युवकों व एक युवती द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बाबरी मस्जिद का ढांचा लगाते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी गई। सोशल मीडिया में टिप्पणी वायरल होते ही बवाल मच गया और रात से ही हिंदू संगठन से जुड़े युवकों द्वारा नाराजगी जाहिर कर थाना का घेराव करने की योजना बना ली गई, लेकिन संगठन के लोगों द्वारा समझाने पर वो माने और सुबह से लगभग दो सौ से उपर युवक राम नाम का नारा लगाते थाना पहुंचे और तीनों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। विहिप जिला उपाध्यक्ष भागवत शरण सिंह साथ पहुंचे। प्रखंड अध्यक्ष राजू चंद्राकर, बजरंग दल के उत्तम दशरिया, शिवम ताम्रकार, मारूति शास्त्री, सुभाष राजपूत, संदीप सिंह राजपूत, विजय प्रताप सिंह, आशीष सिंह, शौर्यादित्य सिंह, शुभम सिंह ठाकुर, चंद्रप्रकाश बिदानी, सूर्या दुबे से एएसपी नेहा पांडेय, एसडीओपी प्रशांत खांडे, टीआई राजेश देवदास और एसडीएम प्रकाश सिंह राजपूत, तहसीलदार प्रीति लारोकर ने लगातार कई चरणों पर बातचीत की और धार्मिक भावना को उद्वेलित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते एफआईआर दर्ज किया। जिसके बाद नाराज युवक थाना से वापस लौटे।

### दो युवक गिरफ्तार एक युवती फरार

पुलिस ने विहिप जिला उपाध्यक्ष भागवत शरण सिंह के आवेदन पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धार्मिक भावना उद्वेलित करने की धारा 295 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया और उनकी गिरफ्तारी के लिए बल रवाना किया। जिसमें दो युवक चमन खान और चिंटू खाना सपड़ में आ गए। जबकि युवती फरार होने में सफल हो गई।

### भीड़ ने किया चक्काजाम

सोशल मीडिया में कथित बाबरी मस्जिद के ढांचे की तस्वीर लगाकर आपत्तिजनक टिप्पणी वायरल होने के बाद शहर में माहौल तनावपूर्ण हो गया था। थाना में कागजी कार्रवाई में विलंब होते देख पुराने बस स्टैंड में युवकों ने रास्ता रोक दिया। थाना में मौजूद संगठन के वरिष्ठ नेताओं की समझाइश पर उन्होंने वापसी की।

गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण को लेकर सूची जारी

# नांदगांव में डॉ.रमन, खैरागढ़ में सांसद पांडे और मोहला-मानपुर में नेताम फहराएंगे ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

आगामी 26 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को लेकर तैयारियां अंतिम चरण पर पहुंच गई है। प्रदेश स्तर से जिला मुख्यालयों में होने वाले आयोजन में ध्वजारोहण करने वालों की सूची भी जारी कर दी गई है। राजनांदगांव जिला मुख्यालय में स्थानीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ध्वजारोहण करेंगे। वहीं खैरागढ़ जिला मुख्यालय के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे उपस्थित रहेंगे। वहीं मोहला-मानपुर जिले में कांकेर विधायक आशाराम नेताम को यह जिम्मेदारी दी गई है।



### आज अंतिम रिहर्सल

गणतंत्र दिवस आयोजन से पहले आज बुधवार को दिग्विजय स्टेडियम में अंतिम रिहर्सल की जाएगी। इसमें परेड के साथ ही सांस्कृतिक आयोजनों का भी रिहर्सल कर तैयारियों को परखा जाएगा।

### सात साल बाद फिर स्टेडियम में आयोजन

राजनांदगांव जिला मुख्यालय का आयोजन सात साल बाद वापस दिग्विजय स्टेडियम में होने जा रहा है। जीर्णोद्धार कार्य के चलते पिछले सात साल से आयोजन अन्य मैदान में होता आया था, लेकिन अब स्टेडियम तैयार होने के बाद प्रशासन ने फिर से इसे यहीं कराने का निर्णय लिया है। स्टेडियम में आयोजन को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी गई है।



## खबर संक्षेप

### लोक महोत्सव 27 से

**मुरमुंदा।** ग्राम भंडारपुर में पुरखा के संदेश श्रीराम कथा एवं लोक महोत्सव का आयोजन 27 एवं 28 जनवरी को रखा गया है। श्री शांतिकुंज मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुती देंगी।

### सांस्कृतिक आयोजन 27 और 28 को

**मुरमुंदा।** ग्राम भंडारपुर में दो दिवसीय पुरखा के संदेश श्रीराम कथा एवं लोक महोत्सव का आयोजन 27 एवं 28 जनवरी को रखा गया है। श्री शांतिकुंज मानस मंडली व ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में चुनिंदा मानस मंडली, जस झांकी, पंडवानी, रामधुनी, छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच को आमंत्रित किया गया है। समिति के अध्यक्ष एवं ग्रामवासियों ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### उल्लास से मनाया गुहा जयंती



**टाटेकसा।** तेलीनबांधा में 22 जनवरी को गुहा निषाद जयंती मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू थे। उन्होंने बताया कि गुहराज निषाद ने अपनी नाव में प्रभु श्री राम को गंगा पार कराया था इसी लिए आज भी वह पूज्यनीय हैं। कार्यक्रम में जिपं सदस्य रामछतरी चंद्रवंशी, राजू सिन्हा, पूरन नेताम, कमलेश यादव, विजय साहू, धनेंद्र कोठारी, रेवाराम लाडेकर, केदार यादव, ईश्वर लड़ें, सालिकराम उईके, गोविंद चंद्रवंशी, दुलेसवारी चंद्रवंशी, शत्रुहन यादव, रजलाल निषाद, बीरेंद्र वैष्णव, हरि निषाद उपस्थित थे।

### अंगना म शिक्षा का शिक्षिकों को प्रशिक्षण



**छुईखदान।** ठाकुरटोला में संकुल स्तरीय अंगना म शिक्षा एवं माता उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। समग्र शिक्षा संकुल केंद्र ठाकुर टोला एवं भदेरा के शिक्षक, शिक्षिकाएं प्रशिक्षण में शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर संजीव कुमार ध्रुव, चैतराम वर्मा, भुवल सिंह यादव, संकुल समन्वयक राजू दास मानिकपुरी एवं रामभरोसा मरावी की उपस्थिति में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस दौरान अक्षर कार्ड, खेल विधि से माह की जानकारी, खेल खेल में पढ़ाई, गिनती, गोटा खेल के माध्यम से पढ़ाई आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में रेखलाल मरकाम, दयालदास जंघेल, राजकुमार मसखरे, विद्या चंद्राकर, चंद्रमुखी पुलस्त्य, सुनीता कामडे, अनिता ठाकुर, मनीष कुमार रामटेके, विजय कमरिया, चंद्राश रोडागे, डोमनलाल साहू, बसंत यादव, दीपक राठौड़, चिंताराम धुर्वे, मोहित कुमार धुर्वे, धरम लाल शोरी आदि शामिल हुए।

### क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन



**बांधाबाजार।** ग्राम होंडीटोला में 7 दिवसीय सिक्सिट बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव ने किया। इसअवसर पर सरपंच उर्वशी नेताम, आरिफ खान, संदीप मेश्राम, नंद दामले, नागेश, सूरज, कमलेश बंजारे, अजय, नारायण साहू, अजमद खान, गोविंदा, कोमल, सूरज, रूपेश, राजाभाई सहित अन्य मौजूद थे।







## सुबह से शाम तक चला रामभक्ति का दौर, धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए ग्रामीण

# रामोत्सव में दीपों से जगमगाए मंदिर और आंगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिला मुख्यालय के साथ विकासखंड मुख्यालय तथा पंचायतों के मंदिरों में राम नाम की गूंज रही। चारों तरफ खुशियां और उत्साह का मंजर देखने मिला। भक्ति में लोग डूबे हुए थे वहीं नाच गाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे थे। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मानस गायन महोत्सव का आयोजन दशहरा मैदान में किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मेटेपार, ग्राम पंचायत ढूटीटोला एवं मानपुर में मानस महोत्सव का आयोजन किया गया। जिला एवं विकासखंड मानस महोत्सव में 5-5 मानस मंडलियों ने सुरमय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कलेक्टर एस जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने मानस का रसपान किया।

### हजारों साल की प्रतीक्षा खत्म

प्राण प्रतिष्ठा पर ग्राम पंचायत मचांदूर के 70 वर्षीय कार्तिक राम पुरामे ने कहा कि अयोध्या में श्री राम विराजे हैं। उन्होंने कहा कि हजारों साल का सपना साकार हुआ है। मातृशक्ति सेवा समिति मोहला की अध्यक्ष सावित्री नेताम ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ी खुशी मनाने का मौका मिला है। राम के आने से जीवन की सारी समस्या और दुखों से मुक्ति मिलेगी।

### रामोत्सव पर जले दीप

**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में सोमवार को रामोत्सव मनाया गया। घरों में रंगोली सजाकर रात को दिए जलाए गए। लोगों आतिशबाजी भी किया। नर्मदा से चकनार तक शोभा यात्रा निकाला गया है जिसमें राम भक्त जमकर थिरके। नर्मदा के राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। बेलगांव, खैरा नवापारा में भी उत्साह का माहौल रहा।

### मानस महोत्सव का आयोजन

राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विकासखंड स्तरीय मानस गान महोत्सव का आयोजन घिरघोली में किया गया। शुभारंभ पूर्व विधायक कोमल जंघेल एवं कलेक्टर श्री वर्मा ने किया। सुबह ग्रामवासियों ने कलश यात्रा निकाकर पूजा पाठ किया। पहली प्रस्तुती श्री सिद्धबाबा मानस मंडली ने दी। संचालन रोहित जंघेल ने किया। इस मौके पर कलेक्टर श्री वर्मा, पूर्व विधायक श्री जंघेल ने भगवान राम की पूजा अर्चना किया। ग्रामवासियों ने राम की फोटो एवं गीता भेंट कर कलेक्टर का सम्मान किया। इस मौके पर एडीएम एस राजपुत, एसडीएम रेणुका रात्रे, सीईओ जेएस राजपुत, मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, मोहित ध्रुवे, रोहित जंघेल, सरपंच संतोष जंघेल,



प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सजे मंदिर, रहा दीपोत्सव जैसा माहौल रहा

चुम्मन जंघेल, कमलेश साहू, भूषण दास, युवराज ठाकुर, लेखराम शिवहरे, अनुज जंघेल, आत्माराम जंघेल, जगन्नाथ जंघेल, धनी ठाकुर, अमलेश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

**पटेवा।** अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर श्री राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान सहित राम दरबार की झांकी के साथ कलशयात्रा निकाली गई। प्रातः दस बजे भक्तों ने राम रक्षा स्त्रोत, हनुमान चालीसा एवं सुंदर कांड का पाठ किया। रामायण मंडली ने मानस की मनमोहक प्रस्तुति दी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम ,लक्ष्मण ,सीता ,हनुमान की शोभायात्रा निकाली गई। लोगों ने राम दरबार की पुजा अर्चना किया। इस दौरान आतिशबाज़ी किया गया। अंत में महाप्रसादी का वितरण किया गया। शाम को सभी मंदिर में दीप जलाए गए। कार्यक्रम के आयोजन में पंचायत जनप्रतिनिधि, रामायण मंडली, सेवा मंडली, भजन मंडली, महिला समूह आदि की सहभागिता रही।

**चारभांठा।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री राम भक्त युवा समिति एवं ग्रामवासियों ने राम भजन के साथ प्रभात फेरी निकालकर गांव का भ्रमण किया। राम भजन के साथ निकली शोभायात्रा के बाद प्रसादी वितरण किया गया।

**खुज्जी।** अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके र अंचल के मंदिरों में लोगों ने पूजा अर्चना किया। घरों में दीप जलाकर पटाखे फोड़े गए। ग्राम के राम मंदिर से महिलाओं ने शोभायात्रा निकालकर भ्रमण किया।

बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में आरएसएस के युवाओं ने पूजा अर्चना के बाद खीर पूड़ी का वितरण किया। बाजार चौक में निषाद समाज ने भंडारा का आयोजन किया। इसी दिन निषाद समाज ने गुहा जयंती मनाया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिया निषाद ने सामाजिक जनों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने कहा कि जहां राम की चर्चा होती है तो भक्त गुहा निषाद को भी याद किया जाता है। इस मौके पर टेकराम, हिंसा, श्रवण निषाद, विदेश निषाद, दिनेश निषाद, गरीबा निषाद, सुख सागर, हीरालाल, मुरली निषाद, दुर्गा निषाद, पेमुल निषाद,फूल सिंग, बलराम, रामाधार, राज कुमार, प्रद्युम्न, हरीश साबला, खोरबाहरा आदि मौजूद थे। संचालन विमल जैन, संदीप यादव ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन खोरबाहरा निषाद ने किया।

### 65 फीट ऊंचे स्तंभ में ध्वजारोहण



**उदयपुर।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव उदयपुर क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। अयोजन की शुरुआत 1001 कलश यात्रा से हुई। कलश यात्रा के पश्चात ग्राम में 65 फीट भगवा स्तंभ में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान रामायण और रामकथा संपन्न हुई। राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान का शोभायात्रा निकालकर भ्रमण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा और आरती किया। घरों को फूल, दीपक, तोरण पताका से सजाया गया था। शाम को आतिशबाजी किया गया। भगवा चौक में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। अंत में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन न हुआ। उदयपुर में लगभग 500 फीट से भी अधिक क्षेत्र की परिधि में राम मंदिर की छवि रंगोली से बनाकर दीपक से सजाया गया। रंगोली को 11वीं के छात्र नूजल सोनी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मनाया था। सुबह से रात तक रंगोली देखने वालों का तांता लगा रहा।

### जगमगा उठा शिव मंदिर

ग्राम के बाजार चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 5000 दीये जलाया गया। लोगों ने बारी -बारी से दीप जलाए। इस दौरान आसमानी आतिशबाजी किया गया। दीपों की रौशनी से पूरा शिव मंदिर परिसर जगमगा उठा। जिसे देखने रात तक लोगों की भीड लगी रही।

**मुरमुंदा।** ग्राम मुंदगाव में नवदीप मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राम मंदिर निर्माण के अवसर पर दीप उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नवदीप युवामंडल ने 11 हजार दीपों से जय श्री राम लिखकर एवं राम बाण बनाकर खेल मैदान में जलाया। यह जानकारी नवदीप मानस मंडल के अध्यक्ष पन्नालाल साहू ने दी।

**मुरमुंदा।** ग्राम मुरमुंदा में श्री रामभक्त युवा समिति ने गांव में श्री राम की विशाल शोभायात्रा निकाला जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होकर राम की भक्ति में झूमते नजर आए। प्रत्येक घर में पूजा अर्चना किया गया। शिव हनुमान मंदिर के पुजारी रूपेश कदम ने बताया कि 11 सौ दीपों से श्री राम मंदिर की आकृति बनाई गई। भक्तों ने उल्लास के साथ दीप प्रज्जवलित किया। शोभायात्रा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**सोमनी।** परमालकसा, अचानकपुर, भाटापारा में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की सामूहिक पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ किया गया । इस दौरान बाल कलाकार राम, लखन एवं सीता के रूप में नजर आए। सर्वप्रथम गौठान में सामूहिक पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ किया गया। रैली का आयोजन किया गया जिसमें डीजे के साथ लोग भक्ति में डूबे नजर आए। शाम को दीपदान तथा प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में ललिता टार्जन जेट साहू शामिल हुए। पूजा अर्चना में मुख्य जजमान माखनलाल साहू, समयलाल साहू ,चैन सिंह साहू, नेमू लाल साहू, जितेंद्र साहू ,परमानंद साहू, सुकालू साहू थे। यह जानकारी रामकिशुन साहू ने दिया।

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत भैंसरा के आश्रित ग्राम कटली में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया गया। यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारे लगते रहे। शाम को राधा कृष्ण मंदिर को सजाकर पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया और दिवाली मनाया गया।

### कांग्रेसियों ने मनाई खुशियां

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के आव्हान पर समस्त कांग्रेसियों ने राम लला के आगमन पर जमकर खुशियां मनाई उनके द्वारा सब्जी मंडी गोल बाजार स्थित शिव मंदिर में 21 जनवरी की संध्या में हर्षिता स्वामी बघेल, नवाज खान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम के द्वारा 111 घी के दीपक जला कर भव्य आतिशबाजी के साथ पूजन प्रारंभ किया गया। 22 जनवरी को राम लला के प्राणप्रतिष्ठा पर हलवा और पूरी का भोग लगा कर आजाद चौक, गोल बाजार में आम जन को प्रसाद वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में शहर कांग्रेस के धीरज मेश्राम ,संजीव गोमस्ता,प्रमोद सिंह, रामजी तराने, रूपचंद खोब्रागड़े, दुलीचंद बडोले, दिलीप नशीने,पारस चौरड़िया,वीरेंद्र पाल,शेखर सोनी,रवि बाघमारे,इंदरपाल सिंग राजा,किरण मेश्राम,मतीन खान,संजीव गुप्ता,प्रकाश महानदी,संजू बक्सरे,नरेश करसे,आशा राम सिन्हा,राजेंद्र सिन्हा, कोमल साहू,सालिक राम,संगीता मंडावी, सुषमा कतलाम,विजयराज सिंह समस्त कांग्रेसी जन एवं शहर जन मानस भारी संख्या में उपस्थित रहे।







### डुंडेरा में भागवत कथा आज से



**डुंडेरा।** जय बजरंग नवयुवक समिति, ग्राम पंचायत समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया कल 24 जनवरी से किया गया है। प.सुरेन्द्र ने बताया कि श्री कबीर जन कल्याण सेवाश्रम निर्मल शक्ति पीठ अंबाला के आचार्य चैतन्य महाराज कथा का श्रवण कराएंगे। पारायण पं नंदकुमार वैष्णव करेंगे। कार्यक्रम में साध्वी रमा शास्त्री, साध्वी कोमल एवं रामकृष्ण दास हरिब्यासी उपस्थित रहेंगे। कथा दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक होगी। इस दौरान प्रसंगानुसार झांकी सजाई जाएगी। आयोजक समिति के प्रहलाद साहू, दिलिप वैष्णव, बरमा, हेमनाथ पटेल ने उपस्थिति की अपील की है।

# सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट, युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सोमवार को जब पूरा देश रामभक्ति में डूबा था तभी इंस्टाग्राम में ख़ैरागढ़ के तीन युवाओ ने एक ऐसा पोस्ट कर दिया जिससे सर्व हिन्दू समाज और विश्व हिंदू परिषद को गहरा आघात लगा। इस पोस्ट को लेकर कार्यवाही करने की मांग को लेकर नगर के तिरंगा चौक में दोपहर 2 बजे एक दर्जन से ज्यादा युवा एकत्रित हो गए और नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर थाना पहुंचे। थाना प्रभारी शिव शंकर गेंदले को एसपी के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया है कि इंस्टाग्राम में खैरागढ़ के तीन युवा चमन खान, चिंटू खान और सलिका खान ने काफी आपत्तिजनक पोस्ट किया। आक्रोशित युवाओं ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी। इस दौरान खम्हन ताम्रकार, अनिल अग्रवाल, राकेश ताम्रकार, राकेश ठाकुर,राकेश जायसवाल, रवि भवनानी, टुम्मन साहू, राजू जायसवाल, दिनेश भट्ट, उत्तम राजपूत, यतीश कुंजाम, संजय अग्रवाल, अमित अग्रवाल, रामकुमार साहू, संजय बागड़े, धर्मेंद्र पटेल, कृष्णा मानिकपुरी, बलदाऊ सोनी, पप्पू देवांगन, मुकेश धनकर सहित अन्य उपस्थित थे।

# मौसम का बदला मिजाज, बारिश के बाद ठंड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



क्षेत्र बीते दो दिन से आसमान में काला बादल छाया रहा। सोमवार की तड़के बारिश शुरु हो गई। दिन भर रूक रूक कर बारिश होते रही। अनायास बारिश होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। बारिश के साथ ठंड़ में इजाफा होने से लोग घर में दुबके रहे। सड़क पर आवागमन काफी कम रहा। स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति कम रही। धान उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी बंद रही। जिन किसान मंगलवार के लिए टोकन ले रखा था उनके धान की खरीदी अब मौसम खुलने बाद संभव है।

लगातार बदली छाए रहने के बाद बारिश होने से रबी की फसल को काफी नुकसान होना बताया जा रहा है। किसानों ने बताया कि बारिश से चना, अरहर को काफी नुकसान होने की आशंका है। लगातार बादल छाए रहने से इल्लियों का प्रकोप बढ गया है। चना की फसल को नुकसान होगा वहीं अरहर का फूल झडने की आशंका है। गेंहू के लिए यह बारिश फायदे मंद साबित हो सकती है।

# सरकार बदल गई पर सीएम बघेल ही, बोर्डों में नहीं बदली तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में सरकार बदल गई और कांग्रेस के मुख्यमंत्री सहित तमाम मंत्री अब भूतपूर्व हो चुके हैं।

एक महीने से भी अधिक समय से राज्य की सत्ता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संभाल रहे हैं किन्तु सरकारी बोर्डो को सही माने तो अभी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ही हैं। विभागीय मंत्री भी अपने पद पर बने रहकर पहले जैसे ही काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय हैं कि नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव का परिणाम दिसंबर में आ गया था। इस चुनाव में तत्कालीन सत्तारुढ़ कांग्रेस सरकार को पराजय का मुँह देखना पड़ा था। परिणाम आने के बाद बहुमत में आई भाजपा ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया हैं। उनके मंत्रीमंडल ने भी विधिवत कार्यभार संभाल लिया हैं। इस बीच विधानसभा का सत्र भी हो चुका है।




### नई सरकार पुरानी तस्वीर

चुनाव के बाद राज्य का राजनीतिक नक्शा और तस्वीर भले ही पूरी तरह बदल चुकी हैं किन्तु प्रशासन अब भी पुरानी तस्वीर लोगों को दिखा रहा है। लोक निर्माण विभाग, पंचायत सहित अन्य विभागों द्वारा सड़क सहित अन्य स्थानों पर लगाए गए फ्लेक्स आदि में अब भी मुख्यमंत्री के तौर पर भूपेश बघेल, प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत और पुराने विभागीय मंत्री नजर आ रहे हैं।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## सार समाचार

### छत्तीसगढ़ी फिल्म दुल्हा राजा 26 को होगी रिलीज




**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ में सिनेमा व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठित संस्थान अरण्य सिनेमा के बैनर तले "दूल्हा राजा" लेखक, निर्देशक निर्माता, अभिनेता राज वर्मा की फिल्म सिनेमाघरों में छत्तीसगढ़ की जनता 26 जनवरी से राजनांदगांव सहित प्रदेश के 30 सिनेमाघरों एवं मल्टीप्लेस के साथ दूसरे प्रदेशों चेन्नई, महाराष्ट्र, एमपी में भी प्रदर्शित की जा रही है। इस फिल्म के गाने एसआरके म्युजिक छत्तीसगढ़ में रिलीज की गई है, जिसे जनता से खूब प्यार मिल रहा है। ट्रेलर एवं गानों को दर्शक भरपूर प्यार दे रहे। जिससे लाखों में व्यूवस मिल रहे हैं। इस फिल्म के स्टार कास्ट में राज वर्मा, काजल सोनबेर, मनमोहन सिंह ठाकुर, अंशुदास मानिकपुरी, संजय महानंद, हेमलाल कौशल, शैलेन्द्र भट्ट, प्रदीप शर्मा, उपासना वैष्णव, अनुराधा दुबे, क्रांति दीक्षित, सोहैल खान, मनीषा वर्मा, दिव्या नागदेवे, राखी सींग, राकेश यादव, अनुपम वर्मा, प्रकाश साहू, राजू शर्मा शामिल हैं। फिल्म की कथा, पटकथा, संवाद राज वर्मा ने लिखा है। संगीत सुनील सोनी का है। गीतकार सूर्यकांत तिवारी, दिलीप पटेल, चंद्रप्रकाश भारद्वाज ने लिखा है। गाना सुनील सोनी, अनुराग शर्मा, हिरेश सिन्हा, चंपा निषाद, अनुपमा मिश्रा, कंचन जोशी ने गाया है। गानों की रिकॉर्डिंग मिलन स्टुडियो कटक में हुआ है। फिल्म का निर्देशन राज वर्मा ने किया है। कैमरा तोरण राजपूत ने चलाया है। गानों की कोरिओग्राफी चंदन दीप, राकेश यादव, नंदू तांडी और संजू तांडी ने किया है। एक्शन तंबी का है। एसोसिएट डायरेक्टर संतोष नारायण गुप्ता हैं। प्रोडक्शन मैनेजर धनराज साहू है। फिल्म के एडिटर राधे निर्वान हैं। फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम श्रेष्ठ स्टुडियो रायपुर में नीरज वर्मा द्वारा किया गया है। इस फिल्म में आठ अलग-अलग विधा के खूबसूरत गाने हैं। जिसमे कर्मा, बिदाई, गोद भराई, मेहंदी, जस गीत, रैप सांग के साथ राज गीत जैसी पारंपरिक छत्तीसगढ़ महतारी जैसा गाना भी है। फिल्म के अभिनेता, निर्माता, निर्देशक राज वर्मा ने बताया फिल्म की कहानी पूरी तरह से पारिवारिक है। छत्तीसगढ़ में लगातार लव स्टोरी पर फिल्मे बन रही है, पर इस फिल्म से बहुत समय पश्चात छत्तीसगढ़ की जनता को एक कॉमेडी से भरपूर सामाजिक परिवेश की फिल्म देखने को मिलेगा। साथ ही फिल्म में दहेज कुप्रथा के खिलाफ एक सकारात्मक संदेश भी दिया गया है। ऐसा पहली बार है, जब फिल्म में एक साथ छत्तीसगढ़ी सिनेमा के बड़े-बड़े कलाकारों ने काम किया है। साथ ही फिल्म के मार्केटिंग हेड लकी रंगशाही हैं, जिनको दर्जनों फिल्मों को रिलीज करने का अनुभव है।

### विद्या मंदिर में मनाया बोस की जयंती

**डोंगरगांव।** नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य अंजुम जहान ने बोस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि वह हर युग में प्रासांगिक रहेंगे। उनके विचार देश को नई दिशा प्रदान करते रहेंगे। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों को बोस के जीवन दर्शन का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। बच्चों ने बोस के जीवन से जुडे रोचक प्रसंगों की जानकारी दी। व्याख्याता डॉ लोकेश शर्मा ने बोस के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बच्चों ने बोस का परिधान धारण कर नारे लगाए। कार्यक्रम में शौर्यजीत साहू, अथर्व यादव, अमय नाहटा, अनुभव शर्मा एवं दर्श द्विवेदी शामिल हुए।

### शिविर में 110 को लर्निंग लाइसेंस जारी




**राजनांदगांव।** 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के नौवें दिन पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लर्निंग लाईसेंस शिविर का आयोजन किया गया। लर्निंग लाईसेंस शिविर के पहले दिन 110 लोगों को लर्निंग लाईसेंस जारी किया गया।

इसी प्रकार लर्निंग लाईसेंस शिविर 24, 25 जनवरी को भी जारी रहेगा एवं माह फरवरी में 03, 04 एवं 05 तारीख को शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं। साथ ही आवश्यक दस्तावेज 10वीं या 8वीं मार्कशीट या पेनकार्ड, लोकल आईडी प्रुफ-आधार कार्ड या राशन कार्ड, एक पासपोर्ट साईज फोटो आवश्यक है। यातायात रथ के माध्यम से यातायात विभाग के प्र.आर. अनुरंजन बारा द्वारा शहर शैक्षणिक संस्थान दिग्विजय कॉलेज, शिवनाथ कॉलेज, कमला कॉलेज, आईटीआई पेंड्री परिसर में लाउडस्पीकर के माध्यम से अलाउंस कर लाइसेंस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने अपील की गई। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चिचोला बाजार, एलबी नगर में यातायात सड़क सुरक्षा संबंधी संगीत से सुसज्जित यातायात रथ फ्लैक्स के माध्यम से पाम्पलेट वितरण कर आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करने लगातार अपील की जा रही है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

साथ ही राजनांदगांव यातायात पुलिस की आम लोगों से अपील है कि आप अपने परिवार एवं स्वयं की सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाएं, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाइल में बात न करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं। नशे की हालत में कभी भी वाहन न चलाएं, नियंत्रित गति में वाहन चलाएं, संपूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। यातायात रथ एवं अन्य विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से यातायात जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

भक्ति, उत्साह और राममय में डूबा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला

# वनांचल के गांवों में प्रार्थना और अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी राममय से लीन हुआ। जिला मुख्यालय के साथ ही सभी विकासखंड मुख्यालय सहित ग्राम पंचायते गांव गांव के छोटे-बड़े मंदिरों में राम नाम की गूंज देखने और सुनने को मिला।

उत्साह, उमंग और भक्तिमय की धारा इस तरह से बही की हर किसी को इसमें लीन देखने को मिला। चारों तरफ खुशियां और उत्साह का मंजर देखने को मिला। आस्था और भक्ति का रंग लोगों में चढ़कर बोला। युवा, जवान, महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े हर किसी में खुशी और उत्साह देखने को मिला। एक ओर जहां लोग नाच गा कर झूम रहे थे, वहीं दूसरी ओर अपने इष्ट देव की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दे रहे थे। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में चारों तरफ खुशियां और भक्ति का वातावरण से खुशनुमा माहौल निर्मित हुआ।

**मिट्टी के दीयों की रही मांग**

राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बीहड़ गांवों में माहौल भक्ति मय रहा। प्राण प्रतिष्ठा के चलते अचानक से मिट्टी के दियों की मांग काफी बढ़ा हुआ था। जिले में प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत शाम को इस अनुसूचित जनजाति क्षेत्र के घरों पर राम ज्योति के रूप में दीप जलाकर दीपावली जैसे माहौल में राम उत्सव के लोग भागीदारी बनें।



#### ध्वज और केसरिया रंग में सजा शहर

अंबागढ़ चौकी नगर मुख्यालय में राम जी की भव्य कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा निकली गई। नगर का हर टपका व्यापक तैयारी जुटा रहा। पूरे शहर को भगवा ध्वज सहित केसरिया रंग में सजाया गया जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए। पहली बार सनातन धर्म के मानने वाले हजारों की संख्या में महिला पुरुष युवा बच्चे शामिल हुए।

#### अनुष्ठान हवन पूजन

सनातन धर्म के मानने वाले धर्म प्रेमी तथा जिला प्रशासन ने अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को मोहला मानपुर अं.चौकी जिले में सुबह से देर रात तक भव्य एवं वृहद रूप से भक्तिमय रामोत्सव मनाया गया। आयोजनों को सफल बनाने भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं सहित जनमानस तथा मानस मंडलियों, स्थानीय नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, निजी संस्थानों धार्मिक ट्रस्ट और मंदिर समितियों की भागीदारी बढ़ चढ़कर थी। और इन संस्थानों के समन्वय और सहयोग से भव्य कार्यक्रम आयोजित किये गये।

## कार सेवकों का स्वर्णकार समाज ने किया सम्मान



**खैरागढ़।** अयोध्या मे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के उपलक्ष्य में स्वर्णकार समाज द्वारा हनुमान मंदिर सोनार पारा में रंगोली पताका दीप जलाकर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। राम जन्म स्थल मंदिर निर्माण को लेकर कार सेवकों रामाधार रजक, अनिल अग्रवाल और हेमंत शर्मा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भजन संध्या से किया गया तत्पश्चात सामूहिक रूप से समाज के सभी महिलाओ व पुरुषों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान श्री राम की आरती बाद राम ज्योति प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम मे समाज के वरिष्ठ सदस्य देवेंद्र महोबे ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के चरित्र का बखान करते हुए अपने जीवन को रामायणी बनाने की अपील की। कारसेवक अनिल अग्रवाल ने अयोध्या यात्रा का विस्तार से वर्णन किया।कारसेवक रामाधार रजक ने कोठारी बंधुओ को याद कर उस समय मंदिर निर्माण संघर्ष को रेखांकित किया। कार सेवक हेमंत शर्मा ने मुगल काल की बर्बरता की जानकारी साझा करते हुए सनातनियों को एकजुट रहने कहा। समाज अध्यक्ष नरेंद्र सोनी ने कहा कि त्रेता युग में राम के राजा बनते ही पूरे लोक में हर्ष छा गया बैर खत्म हो गया वहां शोक दूर हो गया। सभी एक दूसरे की चिंता करने वाले हो गए, आज हमको भी राम के चरित्र को अपनाकर राम राज्य की स्थापना करना होगा। कार्यक्रम के उपरांत ही सभी ने आपस में तिलक लगाकर रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा पर एक दूसरे को बधाई दिया। युवा सदस्य वैभव सोनी ने सुंदरकांड का वितरण किया। इस दौरान अनूप कन्नौज, दीपक सोनी, मौसम सोनी, अखिलेश सोनी, सागर सोनी, वैभव सोनी, किशोर सोनी, सहित बड़ी संख्या में समाज सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चंद्रशेखर सोनी ने किया।

# जंगल रास्ते कर रहे थे मवेशियों की तस्करी, पुलिस ने पकड़ा

**गंडई।** मवेशियों को मारपीट करते हुए जंगल रास्ते से महाराष्ट्र की ओर ले जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा और मवेशियों को बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 जनवरी को मुखबीर द्वारा सूचना दिया गया कि ग्राम जंगलपुर घाट के जंगल रास्ते से चार व्यक्ति 30-40 कृषि योग्य एवं दुधारू जानवरों को हांकते और मारते-पीटते महाराष्ट्र के कत्लखाना में बेचने के लिए ले जा रहे हैं। जिस पर पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे एवं एसडीओपी प्रशांत खांडे के निर्देशन में थाना प्रभारी मोहगांव निरीक्षक धर्मेंद्र वैष्णव के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर उक्त आरोपियों की घेराबंदी किया गया। जंगलपुर घाट के जंगल रास्ते में चार व्यक्ति लगभग 30 से 40 गाय, बैल एवं बछड़ों को हांकते एवं मारते-पीटते ले जा रहे थे, जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो पहले पुलिस को गुमराह करते रहे, किंतु सभी आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर सभी ने उक्त मवेशियों को जंगल के रास्ते से महाराष्ट्र के कत्लखाना ले जाकर बिक्री करना बताए।

#### 42 मवेशी बरामद


पुलिस ने आरोपी पोषण जंघेल पिता पंचु जंघेल 35 वर्ष साकिन जंगलपुरघाट, मानदास पिता सुमेरी 50 वर्ष साकिन ठंढार, छबी यादव पिता सुखीराम यादव 45 वर्ष साकिन ग्राम गर्रा, नेहरु नेताम पिता माखन नेताम 40 वर्ष साकिन तेंदूभाठा के कब्जे से 42 नग मवेशियों कीमती करीबन 96000 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध छग कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 एवं पशुक्रूरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

# ओडिसी नृत्य पर गुरुओं ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में ओडिसी शास्त्रीय नृत्य पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के नृत्य संकाय के संयोजन में ओडिसी नृत्य में भाव व भंगिमाओं का प्राचीन तथा वर्तमान स्वरूप विषय पर केंद्रित इस सेमिनार में देश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञों और नृत्य गुरुओं ने ओडिसी नृत्य में भाव व भंगिमाओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव व अधिष्ठाता नृत्य संकाय तथा कार्यक्रम की संयोजिका प्रोफेसर डॉक्टर नीता गहरवार ने बताया कि कुलपति पद्मश्री डॉ ममता मोक्षदा चंद्राकर के संरक्षण में आयोजित इस राष्ट्रीय सेमिनार में भुवनेश्वर, उड़ीसा से नृत्य गुरु डॉक्टर मनोरंजन प्रधान, मेवाड़ विश्वविद्यालय, राजस्थान से नृत्य गुरु डॉक्टर श्रीमती कुंजलता मिश्र, बेंगलुरु से प्रख्यात ओडिसी नृत्यांगना डॉक्टर के. ज्योतिर्मय पटनायक तथा कोलकाता की सुविख्यात ओडिसी नृत्यांगना और रिसर्चर श्रीराधा पॉल विशेषज्ञ वक्ता के रूप में आमंत्रित थे।



#### शोध पत्रों का वाचन

19 एवं 20 जनवरी 2024 को विश्वविद्यालय के डॉक्टर नरेंद्र देव वर्मा प्रेक्षागृह में आयोजित इस सेमिनार में नृत्य संकाय की ओर से डॉक्टर सुशांत कुमार दास, डॉक्टर शेख मेदिनी होम्बल, डॉक्टर शिवानी सिंह बैस, डॉक्टर जितेश गढ़पायले समेत अतिथि शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने शोध पत्रों का वाचन किया।

#### प्रोजेक्टर रिपोर्ट होगी तैयार

कुलसचिव प्रोफेसर डॉक्टर गहरवार ने सफल आयोजन के लिए कुलपति पद्मश्री डॉक्टर चंद्राकर समेत सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि वह सभी इस दो दिवसीय सेमिनार पर आधारित एक विश्लेषणात्मक प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करें, जिससे यह समझा जा सके कि उन्हें इसका कितना लाभ मिला और वह कितना

# कॉलेज के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कालेज के एमए हिन्दी साहित्य और समाजशास्त्र विभाग के स्टुडेंट्स ने सरगुजा रायगढ़ जिले का शैक्षणिक भ्रमण किया।

छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव के मार्गदर्शन में रतनपुर महामाया, मैनपाट अम्बिकापुर, मछली प्वाइंट, बौद्ध मंदिर, उल्टापानी बहना क्षेत्र, दलदली,मेहता टाइगर प्वाइंट, शबरी एम्पोरियम, सीतापुर पश्चात मां चन्द्रहासिनी माता मंदिर चन्द्रपुर, महानदी, शिवरीनारायण मंदिर, सिरपुर पहुँचकर वहाँ की ऐतिहासिक महत्ता को जाना समझा।

छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव ने शैक्षणिक भ्रमण के महत्व को रेखांकित करते हुए स्थल अवलोकन अन्तर्गत उल्टा पानी क्षेत्र में धरती पर नीचे से ऊपर की ओर पानी का बहाव को अद्भुत बताया और व्यक्तित्व विकास, प्रोजेक्ट फाइल लघु शोध बनाने भ्रमण को आवश्यक कहा। प्रो. यशपाल जंघेल ने प्रदेश की संस्कृति बोली भाषा पर अपने विचार रखे। डॉ. उमेंद चन्देल कविता ने माध्यम से संस्कृति सभ्यता से अवगत कराया। इस अवसर पर शिक्षिका प्रज्ञा सोनी सहित छात्र सुनील वर्मा, नेमचंद्र वर्मा, देवी सिंह वर्मा, पूजा राजपूत, खुशबू वर्मा, युवराज वर्मा, लीलेन्द साहु, रोशन वर्मा, काजल, अंजू मंडावी, दूज मेरावी, आंचल बंजारे, गौकरण साहु सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल रहे।



# शिविर में रसोई गैस की सर्वाधिक डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पंचायत छुईखदान के शहीद गार्डन के सामने कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल उपस्थित हुए।

#### आवास के 118 आवेदन प्राप्त

इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पंचायत छुईखदान से प्रधानमंत्री आवास के लिए जो आवेदन प्राप्त हुए है उसकी जाँच कर स्वीकृति दी जाएगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा, दुर्घटना बीमा, किसान सम्मान निधि, जनधन, उज्जवला योजना सहित नवोदित मातृ वंदन योजना के लिए प्रधानमंत्री का आभार ज्ञापित करते हुए इसका अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए जनता को प्रेरित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष पार्तिका संजय महोबिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा नगर पंचायत छुईखदान के द्वारा आमजनों के हितकारी योजनाओ को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए नगर पंचायत प्रतिबद्ध है। जिन्होंने आवेदन किया है उनके आवेदन पर जल्द ही कार्यवाही की जाएगी। श्रीमती महोबिया ने कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रस्तुत करने पर कन्या स्कूल, बालक स्कूल विवेकानंद संस्कार स्कुल को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

#### अतिथियों ने की हितग्राहियों से बात

अतिथियों और अधिकारियों ने शिविर में आए लोगों से संवाद किया और उन्हें योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान अधिकारियों को संकल्प यात्रा का हितलाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने निर्देश दिए। विक्रांत सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का पूरे राज्य में व्यापक प्रचार-प्रसार करना और पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाना है। इस संबंध में पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, टीबी एवं सिकलसेल के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, केसीसी कार्ड, लैण्ड रिकार्ड को अपडेट किए जाने के साथ ही अन्य योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

#### जनप्रतिनिधि, हितग्राही रहे मौजूद

इस अवसर प्रेम नारायण चंद्राकर अरविंद शर्मा, संजय महोबिया, राजकुमार जैन, ज्ञान सिंह यादव, भारत कुंभकार, अनुभा जैन, कंचन कुंभकार, राजलक्ष्मी पंसारी, किरण गुप्ता, आदित्यदेव वैष्णव, प्रेमसिंह पाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमल नारायण जंघेल, श्यामलाल वर्मा, सुनीता जैन, अश्वनी टंडन, प्रशांत वर्मा, मुकेश कुमार, पंकज चंद्राकर, भागी कुंभकार सहित अन्य उपस्थित थे।



### बाइक सवार रेलिंग से टकराया, मौत

*राजनांदगांव। झूरानदी पुल के पास जीई रोड किनारे लगे लोहे की रेलिंग में टकराने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक शहर के शिक्षक नगर का निवासी था। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बीती रात लगभग 1 बजे राजनांदगांव के शिक्षक कालोनी स्टेशनपारा निवासी महेश स्वर्गे उम्र लगभग 35 वर्ष बाइक में सवार होकर जा रहा था। इस दौरान वह झूरानदी पुल के पास नेशनल हाईवे रोड के किनारे लगे लोहे के रेलिंग से टकराने से सिर में गंभीर चोंट लगने से मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग व अपराध दर्ज किया है।*

# पुलिस ने बैंक अधिकारियों की ली बैठक, सुरक्षा के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने जिले के बैंक मैनेजरों की एक मीटिंग लेकर बैंक एवं एटीएम में लगे हुए सुरक्षा गार्ड का अनिवार्य रूप से पुलिस वेरीफिकेशन कराने के निर्देश दिए। साथ ही बैंकों की सुरक्षा के लिए लगाए गए उपकरण सीसीटीवी कैमरे की स्थिति व लाकर और सुरक्षा अलार्म आदि को चालू हालत में रखने कहा गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 23 जनवरी को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित पुलिस जनसंवाद कक्ष में जिला के सभी बैंक के मैनेजरों की मीटिंग आहुत की गई। जिसमें बैंक एवं पुलिस के बीच समन्वय स्थापित करने एवं आपराधिक मामलों में पुलिस द्वारा बैंकों से चाही गई जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा किया गया।




#### संदिग्ध व्यक्तियों पर रखे नजर

बैंक एवं एटीएम में लगे सुरक्षा गार्ड का अनिवार्य रूप से पुलिस वेरीफिकेशन की जाए। बैंकों की सुरक्षा के लिए लगाए गए उपकरण सीसीटीवी कैमरे, डबल लॉक की स्थिति, लॉकर और सुरक्षा अलार्म आदि को चालू हालत में रखा जाए। साथ ही बैंक के आसपास आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत नजर रखी जाए एवं कहीं पर भी किसी के द्वारा संदिग्ध आचरण परिलक्षित हो तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं।

#### बैंक उपकरणों को चेक करते रहे

साइबर अपराध बैंक अपराध व धोखाधड़ी के अपराधों में सीसीटीवी फुटेज तत्काल उपलब्ध कराने के लिए पुलिस आवेदन देती है, तब सीसीटीवी फुटेज समय पर उपलब्ध कराया जाने हेतु निर्देशित कर विषम परिस्थिति में संबंधित थाना से संपर्क करने कहा गया। बैंक में सुरक्षा उपकरणों को बीच-बीच में चेक करते रहने के साथ-साथ बैंक के भीतर प्रवेश करने वालों का रजिस्टर मेंटेन करने हेतु भी निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) सोनिया उके, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा एवं जिले के सभी बैंकों से आए बैंक मैनेजर एवं लीड बैंक के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सार समाचार

### रातापायली में गुहा राज निषाद जयंती आयोजित



**राजनांदगांव।** निषाद समाज रातापायली के तत्वावधान में गुहा राज निषाद जयंती समारोह धूमधाम से आयोजित की गई। निषाद राज जयंती समारोह सुबह भगवान श्रीराम व गुहराज निषाद का झांकी व कलश यात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम व गुहराज निषाद की विधि-विधान से पूजा पाठ किया गया। इस अवसर पर रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजक समिति के सुकचंद निषाद, ज्ञानचंद निषाद, गौकरण निषाद, बसंत निषाद, ईश्वर निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण बंधु उपस्थित थे।

### गरीब दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराया जयपुर पैर



**राजनांदगांव।** शहर की सेवाभावी महिलाओं की संस्था आराधना महिला मंडल द्वारा जिले के ग्राम भानपुरी व सोमनी आदि सहित अलग-अलग जगहों के दिव्यागों को निःशुल्क जयपुर पैर उपलब्ध कराया गया। दिव्यांगजनों को जयपुर पैर मिलने से उन्हें चलने-फिरने में आसानी हो गई है। आराधना महिला मंडल की अलका जानी ने बताया कि विनय मित्र मंडल रायपुर के तत्वावधान में आराधना महिला मंडल द्वारा लगभग 17 से 22 लोगों को जयपुर पैर वितरण किया गया। इसमें प्रमुख रूप से हाथ-पैर खो चुके सोमनी के सत्यनारायण साहू (25 वर्ष) व भानपुरी के 62 वर्षीय निर्मलकर का नाम शामिल है। इसके अलावा ग्राम सांकरा के भी दिव्यांगजन को जयपुर पैर उपलब्ध कराया गया। रायपुर में आयोजित किए गए उक्त कार्यक्रम के दौरान विनय मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद, दीपचंद कोटडिय़ा, राजेश कानूगो व जयपुर पैर निर्माण के कारीगर अब्दुल वहीद आदि उपस्थित थे। वहीं आराधना महिला मंडल की अध्यक्ष उमा रूंगटा, कोषाध्यक्ष अलका जानी, सचिव प्रभा चौरसिया, रेखालाल, लता अग्रवाल, छाया खंडेलवाल, शरदा खंडेलवाल, भगवती खंडेलवाल, राधा तिवारी, पुष्पा अग्रवाल आदि की उपस्थिति बनी रही। कार्यक्रम का संचालन अलका जानी ने किया।

### राज्य स्तरीय ई-प्रश्नोत्तरी का आयोजन


**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा विकसित भारत/ 2047 पर राज्य स्तरीय ई-प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने बताया कि इस प्रश्नोत्तरी में राज्य के किसी भी विद्यालय या महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रश्नोत्तरी के प्रश्न विकसित भारत/2047 के दृश्यगत क्षेत्रों एवं इसके क्रियान्वयन पर आधारित है। प्रश्नोत्तरी के संयोजक डॉ. अश्वनी कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट पद पर दिए गए लिंक पर क्लिक कर इस राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी में भाग ले सकते हैं। प्रश्नोत्तरी में भाग लेकर प्रतिभागी प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### कराटे स्कूल के खिलाड़ियों ने जीता मेडल



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव एकादमी ऑफ मार्शल आर्ट द्वारा 20 व 21 जनवरी को राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता वेसलियन स्कूल हाल में आयोजित किया गया। जिसमें राजनांदगांव कराटे अकादमी कराटे स्कूल ममता नगर राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपने-अपने ग्रुप में मेडल प्राप्त किया। जिसमें शौर्य भिमटे काता में गोल्ड, फाइट में गोल्ड, आदित्यराज देवांगन फाइट में गोल्ड, काता में ब्राउंस मेडल, मान्या पांडेय फाइट में सिल्वर, अर्पण नाथ फाइट में ब्राउंस मेडल, आकृति वैष्णव फाइट में ब्राउंस मेडल, लव्यांश लहरी फाइट में ब्राउंस मेडल तथा पलक नेमा, हिमानी सिन्हा, हंसिका वैष्णव ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोसिएशन के अध्यक्ष शिहान, विजय तिवारी, सचिव अमल तालुकदार, कार्यवाहक अध्यक्ष रेंसी ब्रम्हिया नायडू तथा राजनांदगांव जिला कराटे संघ के अध्यक्ष नीलू शर्मा, उपाध्यक्ष सेन्सेई कमल पूजन, सचिव शिहान, मुरली भारद्वाज ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। उक्त सभी खिलाड़ी ममता नगर कराटे स्कूल राजनांदगांव के मुख्य प्रशिक्षक सेन्सेई कमल पूजन के पास प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### दिग्विजय कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा 23 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के निर्देशन तथा समाज कार्य विभाग अध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नागरिकों को मतदान हेतु जागरूक करने का प्रयास किया गया। विभिन्न स्लोगन के माध्यम से नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया। उक्त रैली में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थी एवं अतिथि प्राध्यापक तारिणी साहू एवं शालिनी सोनी उपस्थित रहे।

### जिपं अध्यक्ष दिल्ली समारोह में होंगी शामिल

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू कल 24 जनवरी को भारत की राजधानी नई दिल्ली के लिए प्रस्थान होगी। अध्यक्ष गीता घासी साहू नई दिल्ली में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित नेशनल परेड कार्यक्रम में शामिल होगी और 28 जनवरी को वह अपने निज निवास राजनांदगांव वापसी करेंगी।

### इंटर जिम लेवल शरीर सौष्ठव स्पर्धा 27 को

**राजनांदगांव।** जय भवानी व्यायाम शाला एवं जिला जिम संचालक संघ, जिला सतनामी सेवा समिति के तत्वावधान में आगामी 27 जनवरी को शहर के विभिन्न जिमों में अभ्यासरत बॉडी बिल्डरों के बीच आकर्षक प्रतियोगिता होगा। जय भवानी व्यायाम शाला एवं जिम संचालक संघ अध्यक्ष अमित आजमानी व सचिव रितेश घरडे ने संयुक्त रूप से बताया कि राजनांदगांव व छग प्रदेश में आयरन खेलों के प्रेरणास्त्रोत रहे स्व. पुरूषोत्तम आजमानी (सत्तू भैया) के स्मृति में यह आयोजन गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया जाएगा। विजेताओं को ग्यारह हजार रुपए नगद व आकर्षक ट्राफी व गिफ्ट दिए जाएंगे। प्रति खिलाड़ी पंजीयन शुल्क 200 रुपए होगी। यह स्पर्धा ऊंचाई वर्ग समूह में होगी। इस स्पर्धा में चैम्पियन ऑफ चैम्पियन व बेस्ट पोजर का खिताब दिया जाएगा। स्पर्धा में जिला शरीर सौष्ठव संघ के पदाधिकारी शेख वसीम, अजय श्रीवास्तव, बसंत मैगी, नीरज शुक्ला, विवेक रंजन सोनी, नाहिद अख्तर, अशोक श्रीवास, दीपक सोनी, दीपक ठाकुर सहित पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जिला जिम संचालक संघ के उपाध्यक्ष तामेश्वर बंजारे ने दी।

## एक लाख से अधिक दीप जलाकर कालोनी को सजाया, लालबाग बना आकर्षण का केंद्र

# प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर हुए भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा अवसर पर देशभर में लोगों में खुशी का माहौल था, परंतु संस्कारधानी राजनांदगांव में इसका अलग ही नजारा देखने को मिला। नांदगांव में विशेष नजारा पूज्य सिंधी पंचायत के आयोजन में देखने को मिला। यहां समाज के युवा अपनी लगन और शक्ति के साथ आयोजन से जुड़े रहे। लालबाग में एक लाख से अधिक दीप के माध्यम से पूरी कॉलोनी को सजाया गया था। साथ ही भगवान श्रीराम की रंगोली के माध्यम से चित्र भी बनाए गए थे। सभी 500 से अधिक घरों को झालर के माध्यम से रोशन किया गया था।

समाज के वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी तथा वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी ने बताया कि सनातन धार्मिक परंपरा का लगातार पालन करने वाला सिंधी समाज 500 वर्षों के बाद प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान अयोध्या में भव्य मंदिर बनने पर हर्षित होकर गर्व का अनुभव कर रहा है, इसलिए 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को भव्य एवं ऐतिहासिक मनाने पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालानी नगर द्वारा अपनी कॉलोनी में दीपावली से भी बढ़कर उत्साह का माहौल देखा गया।


### नयनाभिराम सजावट


पूज्य सिंधी पंचायत के सदस्य पवन गणसानी एवं पंकज जेठानी ने बताया कि इस अवसर पर कॉलोनी में लाउडस्पीकर के माध्यम से तीन दिनों तक भजन चलाया गया और प्रत्येक घरों को दीपावली की तरह सजाया गया, रंगोली भी बनाई गई एवं भव्य आतिशबाजी की गई।

### सेल्फी प्वाइंट बना लालबाग

आयोजन समिति के प्रभारी अर्जुन वाधवानी ने बताया कि जीई रोड पर माता शबरी की कुटिया और इस तरह के विभिन्न चित्रण कटआउट के माध्यम से बनाए गए थे। विगत 3 दिनों से हजारों लोग परिवार सहित यहां आकर सेल्फी के माध्यम से ऐतिहासिक उपलब्धि को अपने साथ संजोकर रखना चाहते थे।







### भजनों ने बांधा समा

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने बताया कि देर रात्रि तक अंतर्राष्ट्रीय भजन सम्राट हार्दिक व्यास ने प्रभु श्रीराम के भजन गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक प्रेम सिरदार, विभाग प्रचारक तुलसीदास, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित थे।

### राम को हृदय में बसाए

प्रांत प्रचारक प्रेम सिरदार ने कहा कि सदियों के संघर्ष और 77 से अधिक लड़ाई के बाद लाखों लोगों के समर्पण पश्चात यह गौरव की उपलब्धि हम देख पा रहे हैं। इसे सदा याद रखे और भगवान श्रीराम तत्व रूप में सभी के हृदय में विराजमान है, उसे जगाए और गर्व के साथ उस राह का अनुकरण कर श्रृष्टि को मानवता का रास्ता दिखाने का आह्वान किया। धार्मिक सभा को सांसद संतोष पांडे एवं अभिषेक सिंह ने भी अपनी विशिष्ट कला के माध्यम से संबोधित करते बधाई दी।

### सुबह निकाली गई प्रभातफेरी, शाम को हवन समारोह संपन्न

कॉलोनी में सुबह 6 बजे शिव मंदिर से विशाल प्रभातफेरी निकाली गई। जिसमें समाज के युवा, महिलाएं, बच्चे व बूढे सभी लोग बड़ी संख्या में प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाए जा रहे थे। शाम 6 बजे हनुमान मंदिर में आचार्य कमलेश शर्मा व आशीष शर्मा के नेतत्व में हवन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं की सहभागिता रही। आयोजन को सफल बनाने में राजा माखीजा, कौशल शर्मा, कमल गंगवानी, पं. आशीष शर्मा, विजय पर्याणी, कमलेश वाधवा व महिला समिति की सक्रिय भूमिका रही।

### ब्रह्माकुमारीज ने दीप जलाकर मनाई खुशियां

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र वरदान भवन लालबाग द्वारा अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा की खुशियां मनाई गई।



इस अवसर पर श्रीराम की मनोरम झांकी सजाई गई एवं दीपकों से जय श्रीराम की सजावट की गई। इस अवसर पर सेवा केंद्र के ब्रह्माकुमारी बहनों एवं ब्रह्माकुमार भाईयों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के देवतायी गुणों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. सतीश चेलानी, डॉ. अरुण शंकर दीक्षित, उत्तमचंद जैन, अग्रवाल महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, डॉ. पूजा अग्रवाल, वंदना रूचंदानी, इंजी. विजय सोनी, रवि बग्गा, सीताराम सोनी, मोहन अग्रवाल, हंसा ठक्कर ने भी दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को प्रसाद वितरण किया गया। ब्रह्माकुमार किशोर भाई ने श्रीराम का बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया।

### धीरी में निकाली भव्य कलश यात्रा



**सोमनी।** ग्राम धीरी में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम, रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा अवसर पर ग्राम राममय भक्ति धारा में गली-मुहल्ले में आनंद का वातावरण छा गया। शनि मंदिर से कलश यात्रा श्रीराम, सीता, लक्ष्मण की झांकी सहित रुद्रेश्वर मंदिर से गांव का भ्रमण कर दुर्गा मंच में सार्वजनिक रूप से महाआरती हुई, फिर प्रसाद वितरण किया गया। ग्राम के पुरोहित मनोज दुबे राम रक्षा स्रोत का पाठ कर रामभक्तों को जीवन को सफल बनाने का यह दिन को शुभ अवसर बताया। इस दौरान विशेष रूप से कल्याण सिंह साहू, गजेन्द्र साव, कमलेश साहू, नारदलाल साहू, सोनू साहू, तुलसीराम साहू, हलधर साहू, डॉ. नरेन्द्र साहू, केशव साहू, खोर ऊराम निषाद, जगत नारायण निषाद व तुलसीराम साहू ने शामिल थे।

### मंदिरों में सामूहिक पूजा पाठ



**सोमनी।** अयोध्या में हो रहे श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा अवसर पर ग्राम सोमनी में कई स्थानों में शीतला मंदिर प्रांगण, गायत्री मंदिर प्रांगण, शिक्षक नगर स्थित हनुमान मंदिर, बिजली आफिस स्थित हनुमान मंदिर एवं बस स्टैंड में पारंपरिक तरीके से मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र की सामूहिक पूजा-अर्चना कर हवन, यज्ञ, भव्य रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बाल कलाकार मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र के साथ लखन लाल एवं माता सीता भी शामिल हुए। जिसमें राम भक्त डीजे के साथ राम की भक्ति में डूबी नजर आई। हर जगह रामरथ की पूजा अर्चना किया गया। वहीं शाम होते ही आसपास के क्षेत्रों में दिवाली जैसा माहौल नजर आया। सोमनी बस स्टैंड में युवा संगठन के भक्तों द्वारा भगवान राम के नाम 2100 दीप जलाकर खुशियां मनाई गई। साथ ही दीपदान तथा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## जलाराम मंदिर में 15 दिवसीय राम उत्सव



राजनांदगांव। राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत 22 जनवरी को कैलाश नगर जलाराम मंदिर में 15 दिवसीय राम उत्सव का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कैलाश नगर के राम मंदिर को अयोध्या धाम का नामकरण कर 7 जनवरी से लगातार प्रभातफेरी निकली गई। वार्डवासी रामधुन गाते प्रतिदिन 5.45 सुबह से बस्ती का भ्रमण करते रहे। 16 जनवरी से संध्याकालीन 4 बजे से प्रतिदिन भजन का कार्यक्रम होते रहा। 20 जनवरी को श्रीराम हल्दी-कुमकुम उत्सव के साथ वात्सल्य महिला मंडल द्वारा भजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। 21 जनवरी को शिव परिवार मंडल एवं राजपूत महिला मंडल द्वारा मां सीता मेहंदी उत्सव संपन्न हुआ । 21 जनवरी को भगवान श्रीरामजी का छप्पन भोग, अभिषेक एवं महाप्रसादी का विशेष आयोजन रखा गया। संध्याकालीन दीपक प्रज्जवलित कर रास-गरबा का विशेष आयोजन भी किया गया। समस्त समारोह मंदिर के मनोज शुक्ला एवं महिला भक्तों द्वारा किया गया। 22 जनवरी को सुबह से ही कैलाश नगरवासी एवं बस्ती की अन्य महिलाएं एवं पुरुष पारंपरिक परिधानों के साथ उपस्थित होकर विजय मंत्र एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर अयोध्या में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखे। सीधा प्रसारण देखने पूर्व सांसद माननीय अभिषेक सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, तरूण लहरवानी, प्रशांत सोनी, सौरभ कोठारी, अमीन हुड्डा, योगेश बागड़ी, अंकित खंडेलवाल उपस्थित रहे। अयोध्याधाम के इस 15 दिवसीय आयोजन में मनोज शुक्ला, सौरभ कोठारी, ओम काकरिया, गिन्नी चावला, ओमि खंडेलवाल, दीनू गुप्ता, त्रिगुण टांक, नितिन भाटी, राजेंद्र पारख, आकाश चोपड़ा, ललित सेजपाल, चंदन साहू, अतुल अग्रवाल, कमल ठाकुर एवं महिलाओं का विशेष सहयोग रहा।






सांसद ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए मांग, समस्या व सुझाओं को निर्धारित समय में पूरा करने के दिए-निर्देश

# पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति को अधिक से अधिक लाभान्वित करें: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि जिले के समग्र विकास की परिकल्पानाओं को ध्यान में रखते हुए जिला स्तर पर जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा का गठन किया गया। उन्होंने जिले के विकास के लिए गठित समन्वय और निगरानी समिति को महत्वपूर्ण बताया, उन्होंने कहा शासन की मंशा के अनुरूप दिशा की बैठक में निगरानी समिति में समन्वय के साथ हम सब कार्य करें। स्वाभाविक रूप से इससे क्षेत्र की प्रगति होगी और विकास के क्षेत्र में कार्य कर सकेंगे।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों में अपने क्षेत्र की समस्याओं और शिकायतों से अवगत कराया। उन्होंनें कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए लाभकारी योजना है जिसके माध्यम से उनकी सभी मूलभुत आवयकताओं को पूरा किया जाएगा। इस योजना की जानकारी विशेष पिछड़ी जनजातियों को होना चाहिए इसके लिए अधिक से अधिक प्रचार करें। सांसद संतोष पाण्डेय ने उन्नत कृषि के लिए शासन की योजना के तहत किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करने तथा तकनीकी कृषि के लिए भ्रमण कराने के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधियों ने ग्राम डेंगूरजाम में पुलिया निर्माण, पाढ़ी मुख्यमार्ग से पंडरीपथरा के लिए सड़क निर्माण के लिए अवगत कराया। सांसद श्री पाण्डेय ने कांदावानी से डेंगूरजाम के अतर्गत आने वाली रोड़ और पुलिया को जनमन योजना में शामिल करने के निर्देश दिए।

जनप्रतिनिधियों ने ग्राम रौहा में 15वें वित्त की राशि से निर्माण कार्यो कि अनियमितता के बारे में अवगत करया। सांसद ने इस संबंध में जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक मुख्यालय के अस्पताल में पोस्टमार्डम के लिए कर्मचारी की व्यवस्था करने और मर्च्युरी के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने की व्यवस्था को सुदृण करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, रौशन दुबे, चंद्रकुमार सोनी, श्रीमती किरण चौबे, हेमंत ठाकुर, भगवानी साहू, जेठूराम निर्मलकर, रतिराम भट्ट, श्रीमती सरस्वती सिन्हा, राजेन्द्र चंद्रवंशी, श्रीमती मधु तिवारी, ईतवारी बैगा, कलेक्टर जनमेजय महोबे, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## शिकायतों की जांच करते हुए निराकरण करने दिए आवश्यक निर्देश




सांसद संतोष पाण्डेय ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए कुछ स्थानों पर आई शिकायतों की जांच करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा के मनोनित सदस्यों और जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र के समस्याओं के निदान के लिए अवगत कराया गया है। उन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए समय सीमा तय करते हुए निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी ने अच्छी तरह से अपनी सहभागिता निभाई है और कार्यों को अधिक बेहतर करने की दिशा में आगे बढ़ना है। सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ कार्य करने के लिए कहा। इस अवसर पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से केन्द्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की सार्थक चर्चा की। उन्होंने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद के हित में सभी आपसी समन्वय से कार्य करें।

## शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारिया दी: कलेक्टर

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बैठक में जिले में शासन की योजनाओ के तहत किए जा रहे विकास कार्यां के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार को जनमन योजना और विकसित भारत संकल्प योजना के माध्यम से जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति को लाभान्वित किया जा रहा है। इस क्षेत्रों में शिविर का आयोजन कर उन्हें मुख्य धाराओं से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत किसान सम्मान निधि के अंतर्गत शिविर में 13 हजार 625 से अधिक पंजीयन किया जा चुका है। उज्जवला योजना के अंतर्गत 1742 लोगों को जोड़ा गया है। नए आंगनबाड़ी केंद्र के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। वही आवास योजना के तहत पक्का मकान के लिए जोड़ा जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में 269 ग्राम पंचायत में 10 हजार 245 मजदूर कार्यरत है। वर्ष 2023-24 में 13 हजार 208 संस्थागत प्रसव सफलता पूर्वक किया गया। जो 99.64 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि 13 हजार 702 पूर्ण टीकाकरण किया गया है, जो 104.32 प्रतिशत है।



## राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित हुए नई चमक रक्तदान सेवा समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले मे नई चमक रक्तदान सेवा समिति द्वारा सराहनीय पहल से सबसे अधिक बार सम्मान से एक बार फिर राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में मेहनत और अपने पूरे लगन से पूरे प्रदेश मे राज्य स्तरीय से लेकर अंतराष्ट्रीय अवार्ड से सम्मान प्राप्त करने वाले और हर साल 2-3 तीन अवॉर्ड पाने वाले हरीश साहू ग्राम खैरबना कला का मध्यम परिवार से हैं उनके पिता सुदर्शन साहू समाज सेवा मे अपनी एक अलग पहचान बनाई हैं।

अपने पिता अनुशरण करते हुए हरीश साहू ने 8 वर्ष से जिले मे एक महत्वपूर्ण और अत्यंत कठिन काम रक्तदान महादान जैसे कार्यों मे सेवा भाव के रूप मे लोगो व मरीजों कि मदद करने का ठाना और हजारों मरीजों कि सेवा के लिए एक समिति कि स्थापना कि और समिति के संरक्षक और रक्तदाताओं व सदस्यों ने इस मुहिम मे जुड़कर सहयोग प्रदान कि और अपने नेतृत्व मे कवर्धा जिले के साथ साथ अन्य जिलों मे भी मरीजों कों ब्लड उपलब्ध कराकर जीवन दान देने का कार्य किया साथ हीं गौसेवक होने के नाते गौसेवा के लिए विभिन्न सेवाएं संचालित किए।

जिसमें जिले के अंदर गौवंश कि सुरक्षा के लिए गले मे रेडियम पट्टा,गर्मी मे पशुओं व पक्षीयों कों पानी पीने के लिए चौक-चौराहों मे पानीदार वितरित, कहीं भी दुर्घटना मे घायल पशुओं का प्राथमिक उपचार करना व कराना मानव सेवा मे बेसहारा बुजुर्ग लोगो कि हर सम्भव मदद करना येसे बहुउद्देशीय सेवा कार्यों का समिति के द्वारा क्रियांवयन किया जाता हैं। जिस पर रविवार कों भिलाई मे ओम साई जनसेवा समिति द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह मे हरीश साहू कों सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम मे प्रदेश के सभी जिले से जनसेवा करने वाले समिति कों सम्मानित किया गया जिसमें कवर्धा से नयी चमक रक्तदान एवं जनकल्याण समिति का चयन किया गया जो जिले के लिए गर्व कि बात हैं इस सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि श्रीमती डॉ शुचिता कर्ममाकर यादव, कार्यक्रम अध्यक्ष माधव राव के हाथों सम्मानित किया गया।

इस सम्मान कों समारोह मे समिति अध्यक्ष हरीश कुमार साहू, समिति संरक्षक बालाराम साहू, जीवन कौशिक ने मुख्य अतिथि के हाथों सम्मान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए समिति समिति संरक्षक बाला राम साहू, जीवन कौशिक, राजा ताटिया, कोमल राजपूत, समिति सचिव कुंजबिहारी साहू, कोषाध्यक्ष सतीश डाहिरे, दुलारु साहू, रवि चंद्रवंशी, बाली पाटिल, राम पटेल सहित सदस्यों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## खबर संक्षेप

### रेंगाबोड में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा रैली



**हरिभूमि कोलेगांव।** सोमवार को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम चंद की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर ग्राम रेंगाबोड में सनातन धर्म के मानने वाले हिन्दुओं व भगवान श्रीराम चंद्र के ऊपर आस्था रखने वाले ग्रामवासियों द्वारा डीजे, व गाजा-बाजा के साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर जय जय श्रीराम की नारा व भगवा ध्वज के साथ नगर भ्रमण किया। पत्पश्चात ग्रामवासियों को खीर-पूड़ी व लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। ईसकी जानकारी किसान कांग्रेस कमेटी महामंत्री सुरेश कुमार चंद्राकर ने दिए।

## राज्य स्तरीय ओपन कराटे प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने जीता 21 पदक, 11 गोल्ड, 5 सिल्वर व 5 ब्रांज पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

दो दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 21 जनवरी को राजनांदगाव में आयोजित किया गया जिसमें जिले कि ओर से 23 खिलाडियों ने हिस्सा लिया, जिसमें खिलाडियों ने प्रथम स्थान दिव्यांशी कुशरो, शांभवी चौधरी, वैभव साहू, वीरेंद्र कुसरो, आदवीक राय, अक्ष देशलहरा, आयुष तुरकर, दुर्गेश कुसरो, दुर्गेश नवरंगे, फैज राजा बेग व द्वितीय स्थान लिजा जाखर, अदिति मानिकपुरी, स्वेक्षा तिवारी, अनवी त्रिपाठी, मयंक सैयाम तथा तृतीय स्थान लिजा जाखर, सुधांशु चंद्रवंशी, नैतिक निषाद, फैज राजा बेग, मयंक रजक साथ ही साथ देवव्रत कौशिक, जिज्ञांशु सारथी, प्रिया निषाद, नव्या चंद्रवंशी, अंशिका चंद्रवंशी ने उत्कृष्ट शानदार प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ी प्रशिक्षक आकाश सिंह राजपूत एवं मनीष निषाद के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त वहीं खिलाडियों के पदक प्राप्त करने पर जिला कराटे संघ के सभी सदस्यों एवं समस्त अभिभावकों एवं खिलाडियों ने शुभकामनाएं दी।

## राज्य स्तरीय शौर्य राऊत नाच प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुण्डा में धूमधाम व हर्षोल्लास के के साथ धर्म नगरी कुण्डा में प्रतिवर्षनुसार की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय शौर्य रावत नाच प्रतियोगिता का 3वां वर्ष संपन्न हुआ। जिसमे इस कार्यक्रम में शामिल हुई नर्तक दल गैंजी जो कि अपनी कलाकृति, अखाड़ा, नाच लाठी जार्च, अलग-अलग पोशाक से सजे यदुवंशियों ने अपनी कला को बिखरने के पश्चात निर्णायक दल के माध्यम से गैंजी को प्रथम स्थान निर्णायक दल घोषित किया व मुख्य अतिथि भाजपा मंत्री ओम यदु व जनपद पंचायत सभपति अश्वनी यदु एवं सरपंच द्वारा प्रथम पुररूस्कार 15 हजार व शील्ड प्रदान किया, यादव टेंट हाउस नरेंद्र यादव प्रतिनिधि कुंडा व दूसरा स्थान प्राप्त किए बघनी कापा को 13 हजार व शील्ड साथ ही स्व. रमेश यादव प्रदत शरद यादव लोखन साथ में तीसरा स्थान हासिल किया फंदवानी के नर्तक दल को 11 हजार व शील्ड सरपंच महेश्वर साहू द्वारा दीया गया। साथ ही साथ समस्त टीम को राज अध्यक्ष ईश्वरी यादव द्वारा सभी नर्तक दल को एक हजार रूपए व इस कार्यक्रम में पंडरिया राज यादव समाज समिति संरक्षक दऊवा राम यादव व अध्यक्ष ईश्वरी यादव साथ में समाज प्रमुख अघनू यादव, मंच संचालक संचालन घनश्याम यादव द्वारा संपादित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता नरेंद्र यादव जी अहम भूमिका रहा, इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाज प्रमुख सहित आसपास के क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासी उपस्थित थें।



## कोहरे व धुंध से रहें सावधान हादसे की आशंका



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित अंचल में पिछले तीन-चार दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव व सर्द मौसम के साथ कोहरे व धुंध में वाहन चलाना बेहद जोखिम भरा होता है। ऐसे में थोड़ी सी भी लापरवाही छोटी-बड़ी सड़क हादसे को न्योता दे सकता है। जिस पर सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों के पालन के साथ ही साथ सावधानी बेहद जरूरी है। इससे होने वाले सड़क हादसों को काफी हद तक रोका जा सकता है। खासकर कोहरे के समय शहर व हाईवे पर वाहन चालकों को सतर्कता बरतनी चाहिए। आलम यह है कि पिछले तीन सालों में जिले में होने वाले हादसों व उनमें होने वाली मौतों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। इन हादसों में किसी व्यक्ति की मौत के बाद उस पर आश्रित पूरा एक परिवार सालों पीछे चला जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अक्सर कोहरे में होने वाले हादसों के दौरान देखने को मिलता है कि सड़क पर बिना किसी इंडीकेटर व सुरक्षा के ही सरियों से लदे ट्रक, खाद्यान्न लेकर बिना हेड लाइट के टार्च की मदद से दौड़ते ट्रैक्टर ही हादसों का कारण बनते हैं। ट्रकों, बसों आदि बड़े वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करते समय और सतर्कता होनी चाहिए। मनमाने और बेतरतीब वाहनों को खड़ा कर देने पर घने कोहरे में यह दिखाई नहीं देते हैं और बड़े हादसों के कारण माने जाते हैं।

### श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा पर मिट्टी के दिए एवं तेल वितरण किया



**हरिभूमि कुण्डा।** अयोध्या में भगवान श्रीराम चंद्र के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर ग्राम पंचायत कुण्डा में पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेंद्र सिंह छाबड़ा एवं सुपुत्र रौनक सिंह छाबड़ा द्वारा प्रत्येक घर आंगन के में पारंपरिक दिए की रोशनी प्रकाशित हो इस उद्देश्य से प्रत्येक घरों में पांच-पांच दिए एवं तेल का वितरण किया गया। यह कार्य उन्होंने समाज में सेवा भाव के साथ ही साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र के अयोध्या में हो रहे प्राण-प्रतिष्ठा को यादगार बनाने के उद्देश्य से किया।

## खैरझिटी खुर्द मे मनाई सुभाष चन्द्र बोस जयंती




**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय प्राथमिक खैरझिटी खुर्द मे भारतीय आजादी के जन नायक की जयंती धूमधाम से मनाया गया। जिस पर शाला परिवार ने छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक वोकेश नाथ योगी ने उनके जीवन के संघर्षो और आजादी की लड़ाई मे उनके योगदान से परिचित कराया एवं चंद्रशेखर शर्मा ने उनके द्वारा दिए नारों और उनके भावो के साथ जीवत करने का प्रयास किया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा, का नारा भी उनका था जो उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। भारतवासी उन्हें नेता सुभाष चंद्र बोस के नाम से सम्बोधित करते हैं। अपने संघर्षपूर्ण एवं अत्यधिक व्यस्त जीवन के बावजूद नेताजी स्वाभाविक रूप से लेखन के प्रति भी उत्सुक रहे हैं। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

श्रीराम मंदिर का निर्माण होना राम राज्य की ओर बढ़ते भारत का एक महत्वपूर्ण कदम है

# करोड़ों रामभक्तों के आस्था व कारसेवकों के संघर्ष का विराट स्वरूप और प्रतीक है राम मंदिर: भावना बोहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा होने के साथ ही एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी एक बड़ी गारंटी को पूरा कर देशवासियों के दिलों में एक विशेष जगह बनाई है। आज पूर्ण विधि-विधान से अयोध्या में श्रीराम की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही 500 वर्षों से चले आ रहें। राम मंदिर निर्माण का सपना पूरा हो गया, इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देशवासियों से इस दिन को विशेष उत्सव एवं दीपोत्सव के रूप में मनाने का आग्रह किया था, जिसमें देशवासियों ने भी बड़ी जनभागीदारी निभाई। इसी कड़ी में पंडरिया विधानसभा में भी विभिन्न स्थानों में इस उत्सव को भव्य रूप से मनाया गया, जगह-जगह आम नागरिकों एवं सर्व समाज द्वारा आपसी सहयोग से रामलाल के आगमन पर जगह-जगह भंडारे, प्रसादी वितरण व कलश यात्रा एवं मंदिरों की साज-सज्जा से लेकर हवन-पूजन का कार्यक्रम सहित दीपोत्सव मनाया गया।

जिसमें पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुई और सभी को श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं दी। विधायक श्रीमती भावना बोहरा नें क्षेत्रवासियों तथा सर्व समाज द्वारा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित मां महामाया मंदिर से कलश यात्रा, मल्लाह समाज के मंदिर का स्थापना एवं भव्य कलश यात्रा, मां महामाया चौक में कारसेवकों का सम्मान, बड़े हनुमान मंदिर एवं गांधी चौक में भव्य आरती, ग्राम सेन्हाभाठा मे राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा, रणवीरपुर मे श्रीराम मंदिर महाआरती एवं भंडारा कार्यक्रम व अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर पूजा-अर्चना की।

उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव कार्यक्रम भी देखा और कारसेवकों को सम्मानित भी किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि आज का दिन मेरे साथ-साथ करोड़ों धर्म-प्रेमियों और रामभक्तों के लिए बहुत ही अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय क्षण है। करोड़ों भारतवासियों के आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भव्य-दिव्य और नव्य मंदिर का अयोध्या धाम में निर्माण होना राम राज्य की ओर बढ़ते भारत का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस खुशी को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व संघ चालक मोहन भागवत तथा समस्त पूज्य साधू संतों व धर्माचार्यों की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान से श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होने से मन आनंदित भी है और भावुकताओं से भरा हुआ भी है। हजारों कारसेवकों तथा रामभक्तों की प्रतीक्षा आज पूर्ण हुई है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लालकृष्ण आडवानी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के संकल्पों एवं प्रभु श्रीराम के इस मंदिर के लिए सदियों से संघर्षरत रहे सभी कारसेवकों का और जिन्होंने बलिदान दिया है उनका आभार व्यक्त कर उन्हें नमन करती हूं। नए भारत के निर्माण में सांस्कृतिक पुनर्जागरण की अपनी कटिबद्धता को प्रमाणित करने वाले प्रधानमंत्री को अनेक साधुवाद जिनके अथक परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प से आज हमें इस ऐतिहासिक व गौरवमयी क्षण को देखने का सौभाग्य मिला।

## माताओं-बहनों व नौजवानों में अद्भुत उत्साह का माहौल

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि पूरा भारत देश और विशेषकर माताओं-बहनों एवं नौजवानों में अद्भुत उत्साह व उमंग का वातावरण है। आज देश के कोने-कोने में 500 वर्षों के इस धैर्य और तपस्या के पूर्ण होने का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिरों में भव्य आरती, पूजा-अर्चना, जगह-जगह प्रसाद वितरण एवं भंडारा तथा भव्य शोभा यात्रा निकालकर हर व्यक्ति, वर्ग एवं समाज अपने-अपने तरीके से श्रीराम के आगमन का उत्सव मनाया। वहीं घरों में राम ज्योति जलाकर अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के आगमन को दीपोत्सव के रूप में मनाया गया, यह पहली बार होगा जब एक वर्ष में दो बार पूरे देशवासी दीपावली का त्योहार मनाएंगे। जिस पर उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी संकल्पों को नमन किया। जिन्होंने 11 दिनों तक इस अनुष्ठान को किया, उसके बाद भी उनमें जरा भी उर्जा की कमी नहीं दिखाई दी, कार्यों का सुचारू रूप से सञ्चालन हुआ, अनुष्ठान के दौरान हर विधि-विधान को उन्होंने पूर्ण किया, अपने कर्तव्यों एवं कार्यों के प्रति उनका यही समर्पण भाव हम सभी करोड़ों कार्यकर्ताओं को प्रेरित, प्रोत्साहित करता है और अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए उर्जा प्रदान करता है।

## श्री राधाकृष्ण परिसर जिंदा में मना श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव






**हरिभूमि कवर्धा।** सोमवार को ग्राम जिंदा में प्रभु श्रीराम के अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर पधारने पर जिंदा में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। जिस पर श्रीराधा कृष्ण समिति के माताओं व बहनों द्वारा मंदिर परिषर को फुल-माला व दीपों से सजाया गया। सोमवार को भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर गांव की गली-मोहल्ले व चौंक-चौराहों को अयोध्या धाम की तरह से सजाया वहीं ग्रामीणों द्वारा अपने-अपने घरों की रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर दीपों से सजाया गया। शहर सहित ग्राम जिंदा में दीपावली की तरह श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। वहीं ग्रामवासियों में जय जय श्री राम की नारा व जयघोश से गुंजायमान रहा। साथ ही साथ प्रभु श्रीराम के उत्सव पर श्री राधाकृष्ण मंदिर परिषर में प्रसाद वितरण एवं श्रीराम चरित्र मानस पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान चांदनी, सुमन, डिडेश्वरी, सोनिया, साक्षी, रोशनी, वंदना, गरिमा व यंकिता सहित ग्रामवासी जन उपस्थित थें, उक्त जानकारी पवन कौशिक ने दी।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071


ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय वांत्रिक प्रवाद)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा,पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

**पहल: डिप्टी सीएम ने की पहल, जल्द मिलेगा कर्मचारियों का लंबित वेतन**

# वेतन नही मिलने से नाराज पालिका कर्मी काम बंद कर हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते तीन महिने से वेतन की बाट जोह रहे नगर पालिका परिषद कवर्धा के कर्मचारियों ने लगातार की मांग और अर्जी विनती के बाद भी वेतन भुगतान नहीं होने पर मंगलवार को काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी है। मंगलवार को बड़ी संख्या में नगर पालिका के कर्मचारी लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर सीधे जिला कार्यालय पहुंच गए जहां उन्होने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपने हक की आवाज बुलंद की। यहां बताना लाजिमी होगा कि कांग्रेस काबिज नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष द्वारा हाल में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जिसके बाद से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विहीन है ऐसे में नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका नियमानुसार अध्यक्ष की गैर मौजूदगी में आर्थिक लेनदेन नहीं कर पा रहे हैं यही वजह है कि बीते तीन माह से नगर पालिका के कर्मचारियों का वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिसे लेकर नगर पालिका कवर्धा में कार्यरत करीब तीन सौ कर्मचारियों वेतन भुगतान अटका पड़ा है। इस दौरान उन्होने कई बार नगर पालिका अधिकारी से लेकर कलेक्टर, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से लेकर शासन स्तर पर भी अजी विनती की थी लेकिन समस्या को कोई समाधान नहीं होते देख मंगलवार को कर्मचारियों के सब्र का बांध टूट गया और उन्होने काम बंद करने का निर्णय लेते हुए हड़ताल शुरू कर दी। मंगलवार को बड़ी संख्या में नगर पालिका के कर्मचारियों ने नगर पालिका परिसर में एकत्र होने के बाद रैली निकाली और सीधे जिला कार्यालय पहुंच गए जहां उन्होने कलेक्टर से वेतन भुगतान कराए जाने की गुहार लगाई और शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में शासन-प्रशासन ने आपसी चर्चा के बाद कर्मचारियों की इस समस्या के समाधान को लेकर पहल की और कर्मचारियों को दो दिनो के भीतर लंबित वेतन भुगतान का आश्वासन दिया जिसके बाद कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल बापस ले ली।



**कर्मचारियों की जगी उम्मीदें**

डप्टी सीएम की पहल के बाद और आदेश जारी होने के बाद नगर पालिका के कर्मचारियों की उम्मीदें जगी हैं और उन्होने भरोसा जताया कि अब उन्हें दो-तीन दिन के अंदर लंबित वेतन का भुगतान हो जाएगा।

### नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किया आदेश

प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर नगर पालिका के कर्मचारियों तथा नगरवासियों की संभावित परेशानियों को देखते हुए अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने एक आदेश जारी कर नगर पालिका कवर्धा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कवर्धा नगर पालिका में अध्यक्ष पद की पूर्ति तक नगर पालिका के वेतन एवं अन्य वेतन/मानदेय के देयकों का भुगतान एकल हस्ताक्षर के जरिए किए जाने का अधिकार दिया है। माना जा रहा है कि इस आदेश के जारी होने के बाद अब नगर पालिका कवर्धा के कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान जल्द हो जाएगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि मंगलवार की सुबह नगर पालिका के कर्मचारी बड़ी संख्या में जिला कार्यालय पहुंचे थे जहां भाजपा के नेता श्रीकांत उपाध्याय तथा चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कर्मचारियों की समस्या को जानने व समझने के बाद उसकी बात कवर्धा विधायक तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से कराई थी जिसके बाद उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पहल करते हुए नगरीय प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन से तत्काल आदेश जारी कराया।



# कांग्रेस पार्षदों के खिलाफ भाजपा पार्षदों ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका परिषद के 20 कांग्रेसी पार्षदों पर अकर्मण्यता का आरोप लगाते हुए मंगलवार को नपा के नेता प्रतिपक्ष उमंग पाण्डेय के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने कांग्रेसी पार्षदों के खिलाफ स्थानीय नगरपालिका कवर्धा के सामने पुतला फूंका और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष उमंग पाण्डेय ने कहा कि नगर पालिका परिषद कवर्धा के 20 कांग्रेसी पार्षदों की अकर्मण्यता, गैरजिम्मेदारी के चलते आज नगर पालिका के कर्मचारियों और नगरवासियों को गंभीर खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। स्थिति ये है कि नगर पालिका में कार्यरत करीब 300 कर्मचारियों को बीते तीन माह से वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा नगर पालिका के तमाम कामकाज प्रभरावित हो रहे हैं जिसका खामियाजा क्षेत्र के की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

उन्होने कहा कि ऐसे में नगर पालिका के तमाम कांग्रेसी पार्षदों को इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होने कहा कि कांग्रेसी पार्षदों के इसी रवैये को देखते हुए आज उनका पुतला फूंका गया है। इस अवसर पर पवन जायसवाल, प्रमोद शर्मा, रिंकेश वैशणव, मनहरन कौशिक, अनिल साहू, विजय पाली, शहर मंडल के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, राजा टाटिया, योगेश चंद्रवंशी, अजय ठाकुर, योगेश ठाकरे उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### एक पेटी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा।** बाजार चारभाठा चौकी की पुलिस ने एक पेटी शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। पेटी में 34 नग देसी शराब जब्त किया गया है, जिसकी कीमत 3740 रुपए बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी राजू पिता दानी मिरज (27 वर्ष) वार्ड- 7 नवीन बाजार कवर्धा का रहने वाला है। काले रंग की बोरी में 34 नग देसी - शराब लेकर परिवहन कर रहा था, जिस पर उसे रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। मामले में आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

### 25 जनवरी को मनाई जाएगी शाकंभरी जयंती

**कवर्धा।** समीपस्थ ग्राम बारपेलाटोला भोरमदेव रोड में मां शाकंभरी देवी ज्योति जवारा समारोह का आयोजन 18 जनवरी से किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि मां शाकंभरी नवरात्र का आरंभ ज्योति कलश स्थापना के साथ 18 जनवरी को किया गया। 25 जनवरी को पौषपूर्णिमा को हवन पूजन अठवाही व शाकंभरी जयंती का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन बाजे-गाजे के साथ ज्योति कलश विसर्जन नदी में कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। समिति के माखनलाल पटेल, गजराज, बाबूराम, रामचंद्र, तुलसी, हेमलाल, सेवाराम, अशोक, विजय व समस्त समिति के सदस्य आयोजन की तैयारी में लग गए हैं।

### फुटबॉल की टीम ने जीता गोल्ड मेडल

**कवर्धा।** गोवा में आयोजित 7 साइट फुटबॉल मैच का आयोजन 19 जनवरी से 21 जनवरी तक किया गया। जिसमें कबीरधाम की टीम से छत्तीसगढ़ के लिए प्रतिनिधित्व कर रहे थे। जिसमें छत्तीसगढ़ का टीम गोल्ड मेडल हासिल किया। पहला मैच गोवा वर्सेस छत्तीसगढ़ जिसमें छत्तीसगढ़ ने 2-0 से विजय हासिल किया। दूसरा मैच महाराष्ट्र वर्सेस छत्तीसगढ़ जिसमें छत्तीसगढ़ 2- 0 से विजय रहा तीसरा मैच तेलंगाना वर्सेस छत्तीसगढ़ जिसमें 1-0 से छत्तीसगढ़ विजयी रहा। चौथा मैच मध्य प्रदेश से जिसमें 3-1 से विजय मिली। फाइनल मैच तमिलनाडु के साथ रहा, जिसमें छत्तीसगढ़ ने 2-1 से विजय रहा। इस प्रकार छत्तीसगढ़ ने गोल्ड मेडल के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। कोच चंद्रिका वर्मा वह कबीरधाम के सभी खिलाड़ियों शुभकामनाएं दी है।

# तीस से अधिक चोरी करने वाला गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

## गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार, लाखों का सामान जब्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते दिनो मुखबिर की सूचना पर कवर्धा कोतवाली अंतर्गत ग्राम घुघरीकला के एक मकान तथा गोदाम में छापामार कर जप्त किए गए चोरी के करीब 50 लाख से अधिक के सामान के मामले में अब पुलिस ने विवेचना उपरांत बड़ा खुलासा करते हुए सभी आरोपियों के चेहरे उजागर कर दिए हैं। पुलिस के मुताबिक सुनियोगिज ढंग से जिले के कवर्धा, सहसपुर लोहारा, पिपरिया, पाण्डातराई तथा पण्डरिया थाना क्षेत्र में एक के बाद एक छोटी बड़ी चोरी की बारदातों को अंजाम देने वाले इस चोर गिरोह के कुल पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 07 नग मोटर सायकल, 05 नग स्कूटी, 01 नग महिन्द्रा बोलेरो एवं चोरी की गई सम्पति कम्प्यूटर, लैपटॉप, पंखा, कूलर, आलमारी, जाली तार, राशन सामाग्री, चप्पल, कपड़ा, कीटनाशक दवाईयां, इत्यादी भारी मात्रा में बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ दिनो से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक के बाद एक लगातार चोरी की बारदात सामने आ रही थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना प्रभारियों की बैठक लेकर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिस पर पुलिस की अलग-अलग टीम गठित कर अभियान चलाया गया था। पुलिस को पहले से आशंका थी कि चोरी की बारदातों को कोई गिरोह द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अपने सूचना तंत्र को सक्रिय किया और 21 जनवरी की रात्रि में एक पिकअप वाहन को संदिग्ध अवस्था में घूमते दबोच लिया और संदेही अश्वनी साहू पिता तुलेश्वर साहू ग्राम पोटियाडीह थाना अर्जुनी जिला धमतरी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की जिस पर आरोपी ने खुलासा किया की वह वर्तमान में ग्राम घुघरीकला निवासी जगतारन टंडन के घर में रहकर अपने अन्य साथियों के साथ चोरी की बारदातों को अंजाम दे रहा है। आरोपी ने यह भी बताया कि बारदात को अंजाम देने के बाद चोरी का सामान जगतारन के घर तथा गोदाम रखा गया है। जिस पर पुलिस ने जगतारन के मकान व गोदाम से बड़ी मात्रा में चोरी का सामान बरामद कर लिया। वहीं आरोपी अश्वनी से मिली जानकारी के आधार पर गिरोह के दूसरे सदस्य जगतारन टंडन पिता प्रसादी टंडन, नारायण टंडन पिता प्रसादी टंडन, प्रसादी टंडन पिता कली टंडन सभी निवासी घुघरीकला थाना कवर्धा तथा मान सिंह सतनामी ग्राम बिरकोना थाना पिपरिया को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि उन्होने जिले में अभी तक तीस से अधिक चोरी की बादातों को अंजाम दिया है।

### करंट की चपेट में आए युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई के वार्ड क्रमांक 3 नवापारा निवासी एक युवक की मंगलवार को करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाण्डातराई निवासी रिखराम चन्द्रवंशी पिता हटोई चन्द्रवंशी आयु 27 वर्ष मंगलवार की दोपिर करीब 12.30 बजे अपने खेत में खाद डाल रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान वह खेत की मेढ़ में लगे करंट प्रवाहित विद्युत पोल के संपर्क में आ गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# कांग्रेस के नपा पार्षदों ने रिक्त अध्यक्ष पूर्ति को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर पालिका कवर्धा के कांग्रेसी पार्षदों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने मंगलवार को जिला कार्यालय पहुंचकर प्रदेश के राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर नगर पालिका परिषद कवर्धा में जल्द से जल्द नगर पालिका अध्यक्ष के रिक्त पद की पूर्ति किए जाने की मांग की है। नगर पालिका के कांग्रेसी पार्षदों ने सीएमओ को डीडीओ पॉवर दिए जाने का भी विरोध किया है और इस नियम विरूद्ध बताया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान नपा उपाध्यक्ष जमील खान, पार्षद मोहित माहेश्वरी, संतोष यादव, अशोक ठाकुर, उत्तम गोप, नरेन्द्र देवांगन, नरेन्द्र धुर्वे, भारती सतनामी, सुशीला धुर्वे, भीखम कोसले सहित बड़ी संख्या में पार्षद उपस्थित थे।

# अग्निवीर भर्ती के लिए जिले के युवाओं की सहभागिता बढ़ाएं-कलेक्टर

- बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे की अध्यक्षता में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के संबंध में जिले के युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए सभी महाविद्यालयों, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर श्री महोबे ने अग्निवीर के माध्यम से युवाओं के उज्जवल कैरियर की जानकारी दी तथा महाविद्यालयों के प्राचार्यों को जिले के युवाओं को इनमें अधिक से अधिक ऑनलाईन आवेदन के लिए प्रेरित करने कहा। बैठक में सभी महाविद्यालय, आई.टी.आई. तथा पॉलीटेक्निक कॉलेज को वायुसेना एवं थलसेना भर्ती में युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कराने का लक्ष्य प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि अग्निवीरवायु (वायुसेना) के लिए 17 जनवरी 2024 से 06 फरवरी 2024 तक तथा अग्निवीर (थलसेना) के लिए 08 फरवरी 2024 से 21 मार्च 2024 तक ऑनलाईन आवेदन लिया जाना है। बैठक में जिला रोजगार अधिकारी, समस्त महाविद्यालयों के प्रतिनिधि, आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत स्कूल में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**पाण्डातराई।** सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत यातायात विभाग कबीरधाम एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कबीरधाम के सयुंक्त तत्वधान में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडातराई में यातायात विभाग के प्रधान आरक्षक कमलेश सिंह कछवाहा, प्रधान आरक्षक अनित मंडावी एवं जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) एवं यातायात प्रशिक्षक अजय चंद्रवंशी व रोवर लीडर विजय कुमार साहू भोरमदेव रोवर ओपन क्रू कवर्धा की सयुंक्त नेतृत्व में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में यातायात पुलिस इन दिनों सड़क सुरक्षा माह मना रही है। इसी कड़ी में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडातराई में यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यातायात प्रशिक्षक अजय चंद्रवंशी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्काउट-गाइड को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क पर सुरक्षित चलने के गुर सिखाए। प्रधान आरक्षक कमलेश सिंह कछवाहा ने यातायात संकेतकों के अनुसार पैदल या वाहन चलाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्र-छात्राओं एवं स्काउट-गाइड से अपील की गई कि वे स्वयं और अपने स्वजन को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। प्रधान आरक्षक अनित मंडावी ने यातायात नियमों का पालन कर हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट लगाने, स्टाप लाइन में रुकने जैसी आवश्क जानकारी दी। स्काउट मास्टर लवकेश गुप्ता, संजू जायसवाल, गाइड कैप्टिन चित्ररेखा झारिया, फ्लॉक लीडर छवि के नेतृत्व में यातायात नियमों का नारों से प्रचारित करते हुए पैदल रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय व्यस्थापक अनिल दास गुप्ता, प्राचार्या श्रीमति सुमन गुप्ता एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**दो दिन की राहत के बाद कवर्धा में फिर शुरू हुई बेमौसम बारिश**

# बेमौसम बारिश के बीच अंचल में पड़ रही कड़ाके की ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



महज दो दिनो की राहत के बाद अंचल को मौसम एक बार फिर आफत खड़ी करने लगा है। इसी कड़ी में कवर्धा सहित अंचल के कई ईलाकों में मंगलवार की सुबह से बेमौसम बारिश देखने को मिल रही है।

जिसके चलते ठंड एक बार फिर जोर मार रही है और लोग कांपने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि कवर्धा सहित पूरे अंचल का मौसम बीते कई दिनो से बेरूखा बना हुआ है, आसमान काली बदली छाई हुई है और इस दौरान हल्की तेज बेमौसम बारिश भी देखने को मिल रही है। हालांकि इस बीच बीते 21 एवं 22 जनवरी को मौसम का मिजाज बदल गया था और मौसम साफ हो गया था। जिसे देखते हुए लोगों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन मंगलवार 23 जनवरी को एक बार फिर अचानक मौसम ने यू टर्न मार लिया है। मंगलवार की सुगह से कवर्धा सहित पूरे अंचल के आसमान काले बादल छाए रहे इस दौरान कवर्धा में हल्की तेज बारिश हुई और बारिश का यह सिलसिला रूक रूककर लगभग पूरे दिन ही चलता रहा है। जिसके चलते फिर कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है और लोग गर्म कपड़ों में दुबकने लगे हैं।

बताया जा रहा है कि मौसम की इस बेरूखी के चलते जिले के वनांचलों में मंगलवार को जोरदार ठंड का असर देखा गया। आलम ये था की वनांचल के लोग दिन भी अलाव का सहारा लेने मजबूर हो गए। वहीं इस बेमौसम बारिश की मार किसानो को भी भुगतनी पड़ रही है और उनके खेती किसानी के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। किसानो की माने तो लगातार हो रही बेमौसम बारिश से दलहन फसलों पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। कुल मिलाकर मौसम इन दिनो जिलेवासियों पर एक प्रकार से तिम ढा रहा है।

# सुनसान इलाकों में अवैध संबंध, नशा करने वालों की अब खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम जिले के पुलिस कप्तान को लगातार शिकायतें मिल रही थीं, कि लालपुर सारोदा रोड के आसपास कुछ युवक-युवतियां एवं नशेड़ी प्रवृत्ति के लोग सुनसान इलाकों का फायदा उठाते हुए आये दिन इस क्षेत्र में असामाजिक कृत कर आसपास के माहौल को खराब कर रहे हैं। जिसे गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से डीआरजी के जवानों के साथ 22 जनवरी को रात 8:00 से 12:00 बजे तक लालपुर रोड, सारदा रोड, मजगाँव रोड एवं शहर के सुनसान वाले इलाकों में दबिश दिया गया। इस दौरान नशे में धुत कई युवक एवं आपत्तिजनक स्थिति में कई युवक/युवति छात्र-छात्राएं प्रेमी जोड़े पुलिस के हत्या चढ़े, जिसमें से कुछ खेत के भीतर कार में आपत्तिजनक स्थिति में पुलिस टीम को मिले एवं कुछ मोटरसाइकिल में पुलिस टीम को देख भागते नजर आये व कुछ महिला पुरुष अत्यंत संदिग्ध हालत में सुनसान अंधेरे में मिले जिन्हें पुलिस कप्तान के द्वारा सख्त हिदायत दी गई।